* वर्ष 40 * अंक 72 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर बुधवार दिनांक 11 दिसम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# आदित्य-एल1 ने खोले रहस्यमयी राज, सूर्य में दिखी गजब की हलचल; चमत्कारी खोज से रचेगा इतिहास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 ने सूर्य के बाहरी वातावरण और उसके प्रभावों को लेकर एक ऐतिहासिक खोज की है। इस मिशन ने सूर्य के कोरोना में हो रही अद्भुत गतिविधियों का अध्ययन कर नई वैज्ञानिक समझ विकसित की है। इसरो द्वारा 2 सितंबर 2023 को लॉन्च किए आदित्य एल-1 को 1.5 मिलियन किलोमीटर दूर पृथ्वी और सूर्य के बीच पहले लैग्रेंज प्वाइंट (एल1) पर स्थापित किया गया था। इसके प्रमुख उपकरण विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) ने सूर्य के कोरोना का गहन अध्ययन किया है।

**कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) की अद्भुत खोज :** 16 जुलाई 2024 को वैज्ञानिकों ने सूर्य से निकली एक विशाल सौर प्लाज्मा विस्फोट यानी कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) को रिकॉर्ड किया। इस घटना के दौरान सूर्य की कोरोना में 'कोरोनल डिमिंग' नामक घटना देखी गई, जिसमें एक क्षेत्र की चमक 50% तक कम हो गई। यह डिमिंग करीब छह घंटे तक बनी रही, जिससे सूर्य की गतिशील प्रक्रियाओं का गहन अध्ययन संभव हुआ। इस सीएमई के कारण सूर्य के कोरोना का तापमान लगभग 30% बढ़ गया और इसके साथ ही क्षेत्र में हलचल भी तेज हो गई। प्लाज्मा की गति 24.87 किमी/सेकंड तक मापी गई, जो सूर्य की तीव्र चुंबकीय गतिविधि का संकेत देती है।

**डॉप्लर वेग से मिली अहम जानकारी :** वहीं डॉप्लर वेग मापन ने बताया कि सीएमई का प्लाज्मा रेडशिफ्ट हो रहा था, यानी यह सूर्य से दूर जा रहा था। इसकी गति 10 किमी/सेकंड थी, जो सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र द्वारा इसे मोड़ने का संकेत देती है। यह जानकारी भविष्य में सीएमई की यात्रा और पृथ्वी पर उसके प्रभाव को समझने में मदद कर सकती है। सूर्य की कोरोना की यह गतिविधियां अंतरिक्ष मौसम को प्रभावित करती हैं, जो सैटेलाइट्स, रेडियो संचार और बिजली ग्रिड पर बड़ा प्रभाव डाल सकती हैं। आदित्य-एल1 की ये खोजें वैज्ञानिकों को ऐसी घटनाओं की बेहतर भविष्यवाणी करने में मदद करेंगी।

## राज्य सरकार ने कर्मचारियों का डीए बढ़ाया, 1 जुलाई से लागू माने जाएंगे

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान की भजनलाल सरकार ने अपनी पहली वर्षगांठ से पहले राज्य के कर्मचारियों का डीए बढ़ाया है। सरकार के वित्त विभाग ने आज आदेश जारी करते



हुए राज्य के कर्मचारियों और पेंशनधारियों का डीए बढ़ाया है। इससे पहले सरकार ने जून में आदेश जारी करके डीए बढ़ाया था। वित्त विभाग से जारी आदेश के मुताबिक 5वें वेतनमान के लिए महंगाई भत्ता 12 फीसदी (443 से बढ़ाकर 455 फीसदी) कर दिया है। वहीं, 6वें वेतनमान के लिए महंगाई भत्ता 7 फीसदी (239 से बढ़ाकर 246 फीसदी) किया है। यह वृद्धि 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होगी। बता दें, सातवें वेतनमान के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ता दिवाली के समय बढ़ाया गया था। दिवाली के तोहफे के रूप में उस समय महंगाई भत्ता 3 फीसदी बढ़ाया था, जिसके बाद उन्हें 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है।

## दो नक्सली पकड़े, आईईडी सहित भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**सुकमा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों ने 2 हार्डकोर नक्सलियो को पांच किलो आईईडी और भारी मात्रा में विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया है। फुलबगड़ी थाने से नक्सल ऑपरेशन पर निकले सीआरपीएफ और डीआरजी के जवानों को देखकर जंगल में दो संदिग्ध भागने लगे, जिन्हें सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पकड़े गये संदिग्धों



से पूछताछ करने पर उनकी पहचान माड़वी मंगा, पिता माड़वी पाण्डू, उम्र करीब 40 वर्ष, ग्राम मूलेर, पटेलपारा थाना, जिला दंतेवाड़ा और माड़वी भीमाराम, पिता माड़वी रामा, उम्र 21 वर्ष, ग्राम मूलेर. पटेलपारा थाना, जिला दंतेवाड़ा के रूप में हुई तथा वे नक्सल संगठन में केरलापाल एरिया कमेटी, मूलेर आरपीसी में मिलिशिया सदस्य के रूप में कार्यरत थे। कड़ाई से पूछताछ करने के बाद आरोपियों के निशानदेही से टिफिन बम, लगभग 5 किग्रा. इलेक्ट्रिक वायर लगभग 18 मीटर, दो इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, तीन जिलेटिन रॉड, नक्सल पर्चा बरामद किया गया। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

भारत की घुड़की के बाद बांग्लादेश का कबूलनामा

## शेख हसीना के जाने के बाद हिन्दुओं पर हुए 88 हमले

**ढाका (एजेंसी)।** बांगलादेश ने आखिरकार स्वीकार किया है कि अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बाहर



होने के बाद 88 हिंसक घटनाएं अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हुई। इन हमलों ने बांगलादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन घटनाओं में न सिर्फ हिंदू समुदाय के लोग, बल्कि कई मंदिर भी निशाने पर आए जिससे भारत में भी चिंता की लहर दौड़ गई है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने कहा कि इन घटनाओं में 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह खुलासा ऐसे समय किया है जब एक दिन पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बांग्लादेशी नेतृत्व के साथ बैठक के दौरान अल्पसंख्यकों पर हमलों की अफसोसजनक घटनाओं को उठाया था और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण से संबंधित भारत की चिंताओं से अवगत कराया था।

आदर्श क्रेडिट सोसायटी घोटाला

# ईडी ने 135 करोड़ की संपत्ति अटैच की

## अलग-अलग जिलों में कार्रवाई की; मुकेश-राहुल मोदी के नाम थी प्रॉपर्टी

**जयपु (पुकार)र।** देश में 15 हजार करोड़ रुपए का चिटफंड घोटाला करने वाली आदर्श क्रेडिट सोसायटी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने सोसायटी के मुकेश मोदी और उसके भतीजे राहुल मोदी की 135 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच की है। दरअसल, सिरोही की इस सोसायटी के खिलाफ देशभर में धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। साल 2018 में 15 लाइन की शिकायत पर पहला मामला एसओजी ने दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद समाने आया कि इस घोटाले को अंजाम देने के लिए एक फर्म बनाई, जिसके माध्यम से सलाह के नाम 270 करोड़ रुपए का कमीशन उठाया था। फर्जी कंपनियों में लोन लिया, कंगाल कर इस्तीफा दिया। आदर्श सोसायटी की ईडी अब तक 2075 करोड़ की संपत्ति अटैच हो चुकी हैं। अटैच की गई प्रॉपर्टी सोसायटी के संचालक मुकेश मोदी-राहुल मोदी और उनके परिवार के नाम से थी।

### पिछले कुछ सालों से ईडी कर रही इस मामले की जांच

पिछले कुछ सालों से आदर्श क्रेडिट सोसायटी की ओर से किए गए घोटाले की जांच ईडी कर रही है। सोसायटी के संचालक और उनके परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में निवेशकों का पैसा आया था। इस पैसा का निवेश जमीन,बिल्डिंग सहित कई चीजों में किया गया था। नियमों के खिलाफ जाकर कंपनी के संचालक और परिवार से जुड़े लोगों ने निवेशकों का फर्म में आया हुआ पैसा खुद के निजी बैंक खातों में ट्रांसफर किया था। इस पैसे से संचालक सहित परिवार के अन्य लोगों ने भारत के कई राज्यों में प्रॉपर्टी खरीदी थी। जिन में से अधिकांश प्रॉपर्टी को ईडी अटैच कर चुकी हैं।




### सहकारिता क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा घोटाला था, देशभर में 806 शाखाएं थीं

आदर्श क्रेडिट सोसायटी का घोटाला सहकारिता क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा घोटाला था। एसओजी 40 हजार पन्नों की चार्जशीट पेश कर चुकी। निवेशकों की रकम हड़पने के अलावा वे जिंदा मवेशियों को भी मरा बताकर क्लेम उठा लेते थे। कभी टैक्सी ड्राइवर और कैसेट रिकॉर्डिंग का काम करने वाले वीरेंद्र मोदी ने अपने भाई मुकेश और भरत के साथ 28 राज्यों में आदर्श सोसायटी की 806 शाखाएं खोली थीं। राजस्थान में 309 शाखाएं खोली थीं। इसमें परिवार के 11 लोगों समेत नौकर और ड्राइवर तक को डायरेक्टर बना दिया था। दोगुने धन जैसे कई झांसे देकर 20 लाख लोगों से 14,800 करोड़ रुपए का निवेश कराया था। निवेशकों की रकम में से 12,414 करोड़ रुपए तो रिश्तेदारों और नौकरों की सैकड़ों फर्जी कंपनियों में बांट दिए थे। गाजियाबाद सहित कई जगह संपत्तियां खरीदी थीं।

### पिछले एक दशक से कपंनी पर केस हो रहे

आदर्श क्रेडिट सोसायटी के खिलाफ सैकड़ों की संख्या में पूरे भारत में केस दर्ज हैं। लगातार केस दर्ज होने पर सोसायटी के खिलाफ कई एजेंसियों ने शिकायत दर्ज कर जांच की और कार्रवाई की थी। जिसमें आरोप सिद्ध होने पर सोसायटी के संचालक मुकेश मोदी,उनके भतीजे राहुल मोदी की गिरफ्तारी की गई थी। मुकेश मोदी ने अपने भतीजे राहुल के साथ मिलकर 1999 में सोसायटी बनाई थी। सोसायटी ने भारत के 28 राज्यों में 800 से अधिक ब्रांच खोली थी। जिसमें 20 लाख से अधिक निवेशकों का पैसा लगा था।

### सिरोही से शुरू हुआ था सोसायटी का जाल

राजस्थान में सबसे पहले सिरोही जिले से ऐसी कई फर्जी सोसायटी का नेटवर्क शुरू हुआ था। इसकी शुरुआत भी आदर्श सोसायटी से हुई थी। यह लोग सरकारी और रिटायर्ड लोगों को झांसा देते थे। दावा करते थे कि 3 या 5 साल में जमा रकम ब्याज के साथ डबल कर देंगे। इस दौरान आदर्श सोसायटी के साथ काम कर रहे कई कर्मचारियों को मोटी कमाई का राज पता चला तो उन्होंने भी सिरोही समेत आस-पास के इलाकों में छोटी-छोटी सोसायटी शुरू कर दी। लेकिन, जब यह घोटाला सामने आया तो इसके बाद अधिकांश सोसाइटी बंद हो गई और उनका भी फर्जीवाड़ा सामने आया। एक रिपोर्ट के अनुसार अकेले सिरोही जिले में 10 से ज्यादा अलग-अलग सोसायटी के खिलाफ 250 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। जिन लोगों के साथ ठगी हुई थी वे स्थानीय लोग थे। इनमें से अब भी कई जेल की सजा काट रहे हैं।



## राजस्थान में एग्जाम की ओएमआर शीट देख सकेंगे परीक्षार्थी

### धांधली रोकने के लिए आरपीएससी ने किया फैसला, जूनियर इंस्ट्रक्टर भर्ती से हुई शुरुआत

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान के लाखों युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने अब भर्ती परीक्षाओं में धांधली रोकने के लिए स्टूडेंट्स की ओएमआर शीट को ऑनलाइन अपलोड करने का फैसला किया है। जिन्हें परीक्षा में शामिल स्टूडेंट्स अपनी एसएसओ आईडी की मदद से देख और डाउनलोड भी कर सकेंगे। बोर्ड द्वारा ओएमआर शीट को ऑनलाइन करने की शुरुआत कर दी गई है। ऐसे में पिछले महीने 16 से 20 नवंबर तक आयोजित हुई जूनियर इंस्ट्रक्टर भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी अब बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर अपनी ओएमआर. शीट देख सकेंगे।

### पारदर्शिता लाने के लिए ओएमआर शीट को ऑनलाइन अपलोड करने का फैसला

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया की भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए कर्मचारी चयन बोर्ड ने ओएमआर शीट को ऑनलाइन अपलोड करने का फैसला किया है। फिलहाल जूनियर इंस्ट्रक्टर भर्ती परीक्षा से इसकी शुरुआत की गई है। अगर यह प्रक्रिया सफल रहेगी। भविष्य में सभी भर्ती परीक्षाओं में इसे लागू किया जाएगा। आलोक राज ने कहा- कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा भर्ती परीक्षाओं में काफी स्टूडेंट्स ऐसे भी शामिल होते हैं, जिन्हें अपनी ओएमआर शीट को लेकर आपत्ति होती है। उन्हें लगता है कि उनका पेपर अच्छा हुआ था। ओएमआर शीट बदलकर उनके रिजल्ट को बदल गया है। ऐसे में अब वह अपनी ओएमआर शीट देख सकेंगे।

बता दें कि कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 16 से 20 नवंबर तक आयोजित हुई जूनियर इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की ओएमआर शीट को अपलोड कर दिया है। इसे भर्ती परीक्षा में शामिल स्टूडेंट्स अपनी एसएसओ आईडी की मदद से आज से 10 जनवरी तक ऑनलाइन देख और डाउनलोड कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें सबसे पहले स्टूडेंट्स को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर क्लिक करना होगा। इसके बाद गेट ओएमआर लिंक पर और एस.एस.ओ. लॉग इन के माध्यम से रिक्रूटमेंट पोर्टल के गेट ओएमआर शीत लिंक पर क्लिक करने से ओ.एम.आर. शीट डाउनलोड हो जाएगी।

## राजस्थान समेत 10 राज्यों में शीतलहर

### बिहार, झारखंड और बंगाल में छाया घना कोहरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिमालय के ऊपरी इलाकों में शुरू हुई बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों तक पहुंच गया है। जम्मू कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में पिछले 4 दिन से हो रही बर्फबारी के बाद ठंड बढ़ गई है। मंगलवार को बर्फीली हवाओं के असर से सौराष्ट्र, कच्छ, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड में शीतलहर चल रही है। वहीं, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में घना कोहरा छाया हुआ है।

उत्तराखंड के केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में सोमवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इसके बाद राज्य सरकार ने दोनों जगह चल रहे विकास कार्य रोक दिए हैं। इधर दक्षिण भारत में एक बार फिर बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक में आज तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है।

### दिल्ली में हवा की क्वालिटी अब भी खराब, धुंध से विजिबिलिटी घटी

राजधानी में हवा की गुणवत्ता मंगलवार को खराब कैटेगरी में रही। दिल्ली में मंगलवार सुबह 7 बजे न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि शहर के कुछ हिस्सों में धुंध की एक पतली परत छा गई, जिससे विजिबिलिटी कम हो गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सुबह 8 बजे एक्यूआई 224 था। सुप्रीम कोर्ट ने हवा में सुधार के बाद ग्रैप 4 हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन ग्रैप 2 और ग्रैप1 पूरे एनसीआर में लागू है।

## चुनाव आयोग बोला- महाराष्ट्र चुनाव में वीवीपैट-ईवीएम में कोई मिसमैच नहीं

### 288 सीटों में 1440 वीवीपैट का मिलान किया; विपक्ष ने गड़बड़ी के आरोप लगाए थे

**मुंबई (एजेंसी)।** चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को बताया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ईवीएम वोटों से वीवीपैट पर्चियों के मिलान में कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। आयोग ने जानकारी दी कि 23 नवंबर को काउंटिंग के दिन, हर विधानसभा क्षेत्र के 4 बूथों के वीवीपैट पर्चियों की गिनती की। इस गिनती में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई। इस दौरान 288 विधानसभा क्षेत्रों के 1440 वीवीपैट यूनिटों की पर्चियों का मिलान किया गया था। दरअसल, विपक्षी दलों ने रिजल्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन विधायकों के शपथ ग्रहण का बहिष्कार किया था। इससे पहले, विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि वोटिंग के दौरान ईवीएममें छेड़छाड़ की गई और वीवीपैट की पर्चियों से वोटों का मिलान नहीं हो रहा है। 95 सीटों के 104 कैंडिडेट्स ने आयोग से ईवीएमऔर वीवीपैट पर्चियों के मिलान करने की मांग की थी। आयोग के अनुसार 31 जिलों की 95 सीटों पर वैरिफिकेशन की मांग की गई थी।



**1440 वीवीपैट पर्चियों का मिलान :** चुनाव आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार हर विधानसभा क्षेत्र के 5 चुने हुए मतदान केंद्रों के वीवीपैट पर्चियों की गिनती जरूरी है। यह गिनती 23 नवंबर को, नतीजों वाले दिन चुनाव आयोग के ऑब्जर्वर और कैंडिडेट्स के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई। चुनाव आयोग ने कहा कि महाराष्ट्र के 288 विधानसभा क्षेत्रों के 1440 वीवीपैट यूनिट की पर्चियों की गिनती संबंधित कंट्रोल यूनिट के डेटा से मिलाई गई। कहीं कोई फर्क नहीं दिखा।

### 'महाराष्ट्र चुनाव में ईवीएम एसओपी का पालन नहीं हुआ'

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने चुनाव आयोग और भाजपा पर चुनाव में कथित 'धांधली' का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला लिया है। मंगलवार को शरद पवार गुट के नेता प्रशांत सुदामराव जगताप ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शरद पवार के आवास पर इस संबंध में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी दल सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेंगे। जिसमें महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव प्रक्रियाओं और ईवीएम के लिए एसओपी में कथित अनियमितताओं को चुनौती दी जाएगी। सुदामराव जगताप ने एएनआई को दिए बयान में कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा भाजपा को जिताने के लिए जो धांधली की गई, उसके खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेंगे। हमें सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है और हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष अदालत हमारे पक्ष में और घोटाले के खिलाफ फैसला सुनाएगी। इससे पहले निवार्चन आयोग ने कहा था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में डाले गए वोट और 'वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीपीपैट) पर्चियों के मिलान में कोई भी गड़बड़ी नहीं पाई गई।

## राइजिंग राजस्थान समिट

शिवराज ने किए बड़े ऐलान

## राजस्थान के गांवों में केंद्र सरकार बनाएगी 3,41,620 मकान

**जयपुर (पुकार)।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को राजस्थान के लिए केंद्र सरकार की ओर से बड़ी सौगातें देने की घोषणा की है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राजस्थान के गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गरीब भाई बहनों के लिए 3 लाख 41 हजार 620 मकान बनाए जाएंगे। राजस्थान लगातार आगे बढ़े, इसके लिए केंद्र सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार राजस्थान के विकास को रफ्तार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि राजस्थान को कृषि के जरिए बदलने के लिए हमारी 6 सूत्री रणनीति है। पहला- उत्पादन बढ़ाना, दूसरा- लागत कम करना, तीसरा- उत्पादन का उचित दाम देना, चौथा- प्राकृतिक आपदाओं में किसानों की मदद करना, पांचवां- कृषि का विविधीकरण... भारत को दुनिया का फूड बास्केट बनाना है। हमें प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना है। आज भी खेती भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये मकान (3,41,620) तो गरीबों के लिए गांवों में बनेंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। हम जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे।



गडकरी ने कसे तंज

## सभी राज्य के ट्रांसपोर्ट विभाग की बैंड बजी है; बस में हॉर्न के अलावा सब बजता है

**जयपुर (पुकार)।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सभी राज्यों के ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट पर तंज कसते हुए कहा कि इनकी बैंड बजी हुई है। मैंने अभी टीवी पर एक लाइन चलते हुए देखी कि जयपुर में कहीं एक बस में 50 सवारी बिना टिकट के पकड़ी गई। वे बोले मुझे नहीं पता कि आपके यहां ट्रांसपोर्ट के क्या हाल है? लेकिन अधिकतर राज्यों में ट्रांसपोर्ट की बहुत बड़ी विशेषता है, वह विशेषता यह है कि बस में हॉर्न को छोड़कर सब कुछ बजता है। केंद्रीय मंत्री मंगलवार को राइजिंग राजस्थान समिट के इन्फ्रास्ट्रक्चर एन इम्पोर्टेन्ट लिंक इन द सप्लाई चेन सेक्टोरल सेशन में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि नागपुर में देश की पहली ऐसी बस चलाने की तैयारी की जा रही है, जिसमें कंडक्टर नहीं होगा। इसके अलावा एग्जीक्यूटिव क्लास की लग्जरी सुविधाएं मिलेंगी। यह कंडक्टर वाला ट्रांसपोर्ट सिस्टम नहीं चल सकता है। गडकरी ने तंज कसते हुए कहा- मैं गारंटी देता हूं कि 5 जनवरी से जयपुर-दिल्ली हवाई सेवा बंद हो जाएगी। यह क्यों होगा, मैं आपको बताता हूं। दिल्ली से जयपुर आने के लिए एक घंटा पहले एयरपोर्ट पहुंचो। बोर्डिंग पास और अन्य औपचारिकताओं में आधा घंटा लगेगा। उसके बाद सफर में डेढ़ घंटा लगेगा। फिर जयपुर एयरपोर्ट पर उतरकर घर जाने में अलग से समय लगेगा। वहीं, एक्सप्रेस-वे से दिल्ली से जयपुर आने में मात्र सवा दो घंटे का समय लगेगा।

## सीरिया पर अमेरिका-इजराइल के बाद तुर्किये का भी हमला, उत्तरी इलाके पर कब्जा किया

### दमिश्क में हथियारों के ठिकानों पर इजराइल के 100+ हमले

**दमिश्क (एजेंसी)।** सीरिया में असद सरकार के पतन के बाद दूसरे देशों के हमले तेज हो गए हैं। इजराइल ने सीरिया के दक्षिणी, अमेरिका ने मध्य और तुर्किये से जुड़े रिबेल फोर्स ने उत्तरी इलाके पर हमला किया है। रॉयटर्स के मुताबिक तुर्किये के रिबेल फोर्स ने सीरिया के उत्तरी इलाके मनबिज पर कब्जा कर लिया है। कुर्दिश सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्स (एसएफडी) ने 2016 में आईएसआईएस को हराकर मनबिज पर कंट्रोल हासिल किया था। मनबिज में एसडीएफ की हार के बाद कुर्द लड़ाकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अमेरिका और तुर्किये के बीच सोमवार को समझौता हुआ है। इस बीच तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप एर्दोगन ने इस जीत पर कहा कि वे मनबिज से 'आतंकियों' का सफाया होने से खुश हैं।

इजराइली वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने सोमवार को सीरिया में 100 से ज्यादा हवाई हमले किए। अलजजीरा के मुताबिक ये हमले राजधानी दमिश्क के पास बरजाह साइंटिफिक रिसर्च सेंटर के पास हुए। इजराइली विदेश मंत्री गिदोन सार ने माना है कि इजराइल ने हथियार ठिकानों पर हमला किया है। दरअसल, पश्चिमी देशों को आशंका है



कि असद सरकार ने यहीं पर रासायनिक हथियार छुपा रखे हैं। अब इजराइल को डर है कि कहीं सीरियाई विद्रोहियों के हाथ ये हथियार न लग जाएं। इससे पहले इजराइल ने 50 साल में पहली बार सीरिया बॉर्डर पार कर वहां के गोलान हाइट्स वाले हिस्से में अपनी सेना भेजकर बफर जोन पर कब्जा कर लिया था। अलजजीरा ने लेबनान से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया है कि इजराइली सेना अब बफर जोन की सीमाओं से आगे निकल चुकी है।

दैनिक
# पुकार

उदयपुर बुधवार दिनांक 11 दिसम्बर 2024



## संक्षिप्त खबरें...

### श्री अम्बामाता गौशाला का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित



**निम्बाहेड़ा।** निम्बाहेड़ा उपखण्ड की सतखण्डा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम वासियों के सहयोग से श्री अम्बामाता गौ शाला के निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। भूमि पूजन महंत श्री शिव रामदास त्यागी जी महाराज के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर पूर्व विधायक अशोक नवलखा के मुख्य आतिथ्य एवं पंचायत समिति प्रधान बगदीराम धाकड़ की अध्यक्षता में किया गया। श्री अम्बा माता गौ शाला सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में गौ रक्षा के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर लाल जाट, जिला मंत्री पवन बैरागी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गौ भक्त मौजूद रहे।

### अम्बेविहार मधुवन में संगीतमय सुन्दरकांड पाठ

**चित्तौड़गढ़।** बुधवार सांय 7.30 बजे से श्री परशुराम रामायण मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट चित्तौड़गढ़ (राज.) द्वारा भारतीय वेशभूषा के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ कुलदीप बेरगामा के निवास 66 अम्बेविहार, मधुवन चित्तौड़गढ़ पर रखा गया है द्य आयोजन से जुड़े बेरगामा ने बताया की संगीतमय सुन्दर कांड पाठ मंडल संरक्षक अध्यक्ष हरिओम मौड़ के दिशा निर्देशन में मुख्य गायक वक्ता जनार्दन मौड़, हिमांशु मौड़ ,अरुणमौड़ ,खुशीराम,चतरुलाल न्याति, रमेश सोनी, स्वीटी शर्मा ,भैरु लाल दशोरा ,ताराचंद शर्मा, महेंद्र प्रजापत,तुषार तेली, कार्तिक मौड़, प्रेमलता मौड़ ,सन्ध्या तेली,सीता शर्मा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा एवं सभी भक्तों से विनती करते की पधार कर प्रभु गुणगान व भक्ति का रस पान करे।

### मुंगाना आश्रम से मीरा मेवाड़ खालसा महाकुंभ प्रयागराज के लिए प्रथम जत्था रवाना

**चित्तौड़गढ़।** श्री सांवलिया धाम आश्रम मुंगाना के संस्थापक श्री श्री 1008 मेवाड़ महामंडलेश्वर महन्त श्री चेतनदास जी महाराज के अनन्य त्याग व भक्ति की साधना से आज पूरा भारत वर्ष आप श्री के आशीर्वाद से धन्य और आलोकित हो रहा है आप श्री का मुख्य ध्येय सनातन की वृद्धि तथा अन्नदान महादान और ऐसी ही अखण्ड अन्नक्षेत्र की सेवा पुज्य महाराज जी द्वारा चारो कुंभ मेलो मे (प्रयागराज, हरिद्वार नासिक व उज्जैन) में श्री मीरा मेवाड खालसा के नाम से की जाती है जिसमे प्रतिदिन हजारो की संख्या में संत व भक्तगण प्रसाद ग्रहण करते हैं और इस वर्ष प्रयागराज महाकुंभ 2025 में पुज्य गुरुदेव भगवान के पावन सानिध्य दिनांक 12 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक श्री मीरा मेवाड़ खालसा), प्रयागराज में लगने जा रहा है। मीरा मेवाड खालसा के अधिकारी रामसागर दास महाराज, हमीरगढ़ के साथ में 20 संतो का प्रथम जत्था सांवलिया सेठ व पुज्य गुरुदेव भगवान श्री श्री 1008 मेवाड़ महामंडलेश्वर श्री चेतनदास जी महाराज का आशीर्वाद लेकर मुंगाना आश्रम से प्रयागराज महाकुंभ के लिये रवाना हुए । वहा सर्वप्रथम प्लॉट ,टेंट ,लाइट,भोजनशाला , आवास ,आदि व्यवस्थाओ के लिए रवाना हुए। यह जानकारी कमलेश पण्डित द्वारा दी गई ।

### इनर व्हील क्लब चित्तौड़गढ़ ने एक थाली, एक थैला अभियान में किया सहयोग



**चित्तौड़गढ़।** अध्यक्ष रितु भोजवानी के नेतृत्व में इनर व्हील क्लब चित्तौड़गढ़ ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 और हरित कुंभ में एक थाली, एक थैला अभियान के अंतर्गत 100 पर्यावरण-अनुकूल थालियाँ और 100 पुनः उपयोगी थैले पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के सह-प्रांत संयोजक धर्मपाल गोयल को संत रमता राम महाराज और संत दिग्विजय राम महाराज की उपस्थिति में भेंट किए। यह कार्य पार्षद अनिल इनाणी की प्रेरणा से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सचिव रितु पोखरना ने कहा कि इनर व्हील क्लब चित्तौड़गढ़ ने आओ मिलकर कुंभ को कचरा मुक्त बनाएं और आओ मिलकर हरित कुंभ बनाएं के संकल्प में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है। इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों में जगदीश चंद्र वैष्णव (नगर धार्मिक कार्यक्रम समन्वयक), गोविंद सोनी (सह धार्मिक कार्य प्रमुख), राधा देवी अग्रवाल (पूर्व पार्षद, वार्ड नंबर 30), और एग्जीक्यूटिव सदस्य इंदुबाला उपाध्याय व पूजा भोजवानी उपस्थित रहे।

### जनहित मुद्दो पर शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर बढ़ती अव्यवस्थाओं, पर्यटकों के साथ भ्रष्टाचार व शोषण सहित ऑटो की मनमानी, लपकागिरी आदि जनहित मुद्दों का समाधान कराये जाने की मांग को लेकर शिवसेना जिला प्रमुख गोपाल वेद ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रमुख गोपाल वेद ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर प्रतिदिन सैंकड़ों-हजारों पर्यटक भ्रमण हेतु आते हैं और करीब 2 हजार ऑटो रिक्शा चल रहे हैं। पर्यटक घुमने के लिए ऑटो रिक्शा किराये पर लेते हैं। लपकों के गिरोहों से होटलों, धर्मशालाओं, विश्रान्तिगृहों में सांठ गांठ से भारी राशि वसूली हो रही है। लपके ऑटो चालकों से सांठगांठ कर पर्यटकों को घुमाते हैं, ओवरलोट सवारी बैठाते हैं और मनमाना किराया लेते हैं। ऑटो चालकों को थोड़ी बहुत राशि देकर मोटी रकम जेब में रखते हैं। दुर्ग स्थित टिकिट घर, पार्किंग स्थल, ऑटो आदि में लपकों ने भारी सैटिंग कर रखी है। शिकायत पर यातायात अधिकारियों द्वारा केवल खाना पूर्ति की जाती है। चित्तौड़गढ़ शहर से बाहरी क्षेत्र के ऑटो चालकों से सांठ गांठ कर गिरोह बना कर पर्यटकों के साथ शोष कर भारी धोखाधड़ी की जा रही है। जिसकी गहना से जांच करने व संबंधित विभाग को आदेशित कर पर्यटकों को शोषण से मुक्ति दिलाने की मांग की गई।

### जिला स्तरीय कैरियर कांउसलिंग एवं साईबर जागरूकता कार्यक्रम आज

**चित्तौड़गढ़।** आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती को विश्व युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसी उपलक्ष्य में जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा लगभग 800 छात्र, छात्राओं को कैरियर कांउसलिंग एवं साईबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 11 दिसम्बर 2024 बुधवार को प्रातः 11 बजे से इन्दिरा गाँधी ऑडिटोरियम नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ में किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं द्वारा छात्र, छात्राओं को साईबर क्राइम जागरूकता एवं कैरियर कांउसलिंग की जाएगी साथ ही छात्र, छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण हेतु अधिकारियों एवं अतिथि वक्ताओं द्वारा प्रश्नों के जवाब दिये जाएगें जिसस विद्यार्थियों के बेहतर एवं उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हो सके।

### धरियावद में पारा गिरा, सर्दी तेज

**धरियावद।** धरियावद में सर्दी का असर, रात्रि में 6.0 डिग्री सेल्सियस। धरियावद में सर्दी ने अपना रंग बताना शुरू कर दिया है। दिन का तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस एवं रात्रि में 6.0 डिग्री सेल्सियस होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सडके वीरान होने लग गई है। इस सीजन की सबसे ठण्डी रात रही है।

## राउंड टेबल इंडिया ने बाटे जरुरतमंद बच्चों स्वेटर

### उदयपुर संभाग मे पहली बार एक साथ सर्वाधिक 1800 स्वेटर वितरित, भामाशाह प्रेरक शिक्षक सचिन जैन का रहा योगदान



**ऋषभदेव,(पुकार)।** ऋषभदेव उपखण्ड क्षेत्र के पीएमश्री श्री केशरीयाजी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ऋषभदेव पीईईओ के अधीन 6 विद्यालयों मे, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गडावत पीईईओ के अधीन 8 विद्यालयों मे तथा पीईईओ भूधर अधीन 2 विद्यालयों मे इस प्रकार कुल 16 विद्यालयों मे कक्षा 1 से 8 तक 1800 बच्चों को स्वेटर वितरित किये गए। राउंड टेबल इंडिया के चेयरमैन सौरभ बापना ने बताया की हमारी संस्था द्वारा ऐसे कई सामाजिक कार्य किये जाते है जिनसे जरुरतमंदो की मदद की जा सके। राउंड टेबल इंडिया भारत ही नहीं पुरे विश्व मे परोपकार के कार्य करता है। इस दौरान राउंड टेबल इंडिया से सौरभ जैन, विवेक वैष्णव, आदित्य सोमानी, दीक्षान्त मेहता, ध्रुव कर्णावट एवं नारायण काबरा उपस्थित रहे। सर्वप्रथम ऋषभदेव मे कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे उपखण्ड अधिकारी वीरेंद्र सिंह राठोड ने राउंड टेबल इंडिया द्वारा किये जा रहे मानवीय कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। पूर्व शिक्षा उपनिदेशक भूपेंद्र कुमार जैन ने अच्छे कार्य करने वालो के साथ सदैव भगवान रहने की बात की। इस दौरान सर्किल इंस्पेक्टर घनश्याम सिंह देवडा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सतीश गांधी, अति सीबीईओ नाथुलाल सालवी, ए ई एन मुकेश सालवी, पीईईओ गरनाला डॉ करुण सोमपुरा, ऋषभदेव प्राचार्य प्रकाशचंद्र भाणावत, हनुमंत रावल सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। इसके बाद गड़ावत मे कार्यक्रम आयोजित कर 8 विद्यालयों के बच्चों को स्वेटर वितरित किये गए जिसमे कार्यवाहक प्राचार्य विनोद भाणावत, उप प्राचार्य रामकृष्ण मीणा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। इसके बाद रा उ प्रा वि खूंटानेरी भूधर मे कार्यक्रम आयोजित कर 2 विद्यालयो के बच्चों को स्वेटर वितरित किये गए जिसमे प्राचार्य ज्योत्स्ना भंडारी, भूधर सरपंच सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 16 विद्यालयों के 1800 बच्चों को स्वेटर वितरित किये गए। भामाशाह प्रेरक शिक्षक सचिन जैन ने बताया की राउंड टेबल इंडिया द्वारा वर्ष 2020 से ऋषभदेव मे स्वेटर वितरित करवाये जा रहे है। इस बार सर्वाधिक 1800 स्वेटर वितरित हुए है जो की उदयपुर संभाग मे पहली बार सर्वाधिक है। राउंड टेबल इंडिया हमेशा जरुरतमंद बच्चों की मदद करने के लिए तत्पर एवं तैयार रहता है।

## झाड़ियों में मिले घायल पेंथर को रेस्क्यू किया



**शंभूपुरा।** क्षेत्रीय वन अधिकारी भूपेन्द्र सिंह शक्तावत ने बताया कि उनको दूरभाष पर सूचना मिली कि कनेरा के पास गांव गुन्दारेल मे खेत के निकट झाड़ियों से किसी घायल जंगली जानवर की आवाज सुनाई दे रही है उस पर क्षेत्रीय वन अधिकारी भूपेन्द्र सिंह शक्तावत मय रेंज विजयपुर स्टाफ मोके पर पहुंचे वहां पर पाया कि एक पेंथर घायल अवस्था में झाड़ियों में फंसा हुआ था। इस हेतु पेंथर को ट्रैकुलाइज के लिए उप वन संरक्षक चितौड़गढ़ विजय शंकर पांडे के निर्देशन में ट्रैकुलाइज टीम मोके पर भेजी गई टीम ने करीब एक घंटे कि कड़ी मेहनत के बाद पेंथर को ट्रैकुलाइज किया तथा पिंजरे में लिया गया। पेंथर को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणो कि भीड़ जमा हो गई जिनको समझाइश कर सहयोग का निवेदन किया गया। रेस्क्यू किये गये पेंथर नर होकर लगभग सात वर्ष वयस्क था रेस्क्यू किये गये पेंथर का चिकित्सा उपचार हेतु चितौड़गढ़ ले जायेगा गया जिसको बाद में उपचार होने पर जंगल क्षेत्र में छोड़ा जायेगा। रेस्क्यू टीम क्षेत्रिय नेपाल सिंह, कनेरा वनपाल राजेन्द्र सिंह, पर्वत सिंह वनपाल, योगेश गुर्जर वन रक्षक, मेघनाथ वन रक्षक, नारायण सिंह वन रक्षक और ट्रैकुलाइज टिम से मनोहर सिंह जाट तथा मुकेश खारोल आदि उपस्थित रहे।

## हरिवंश कीर समाज की गौरव वीरांगना पूरी मां का 313 वां जन्मोत्सव आज

**आकोला।** हरिवंश कीर समाज की गौरव वीरांगना पूरी मां का 313वां जन्मोत्सव 11 दिसंबर को पूरी मां स्मारक स्थल कीर की चौकी में मनाया जाएगा। जन्मोत्सव को लेकर वीरांगना पूरी मां विकास समिति की बैठक पूरी मां स्मारक कीर की चौकी में हुई। युवाओं की समिति बनाकर सभी युवा साथियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी। वीरांगना पूरी मां समिति अध्यक्ष बाबूलाल कीर ने बताया कि वीरागंना पूरी मां का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। स्मारक स्थल पर साफ सफाई का कार्य संपूर्ण हो गया है। समिति सचिव ओमप्रकाश कीर ने बताया कि कार्यक्रम में संतों के समागम के साथ जनप्रतिनिधि व समाजसेवी शिरकत करेंगे।

## महाराणा प्रताप शक्ति केन्द्र के 6 बुथ की कार्यकारिणी गठित



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल चित्तौड़गढ़ के महाराणा प्रताप शक्ति केन्द्र के कुम्भानगर उपनगर क्षेत्र के सभी 6 बूथ की अलग-अलग बैठक आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं सभी जगह 12 सदस्य की बूथ समिति के गठन सहित 3 महिला सदस्य भी बनाये गये। नगर अध्यक्ष सागर सोनी के निर्देश पर शक्ति केन्द्र संयोजक छोटूसिंह शेखावत, शक्ति केन्द्र प्रभारी प्रदीप काबरा ने 6 बूथ पर जाकर बैठक कर कमेटियों का गठन किया। तीन दिन चले इस अभियान में छोटूसिंह शेखावत, प्रदीप काबरा, नरेन्द्र पोखरना, अनंत समदानी, अली असगर, रामबक्ष कीर, शंकरलाल, अक्षत पोखरना, पंकज चेचानी, आशा पोखरना, सुनील शर्मा, देवकिशन कीर, मुकेश गावरी, अभिमन्यू माहेश्वरी, ओमप्रकाश जोशी, गायत्री राव, कैलाश कौशल, शिव शर्मा, देवकान्त शर्मा, पंकज मोदी, अशोक व्यास, हरिराज सिंह, अम्बालाल, दीपक, अविनाश जोशी, आशीष शर्मा, शंकरसिंह, देवेन्द्रपाल सिंह, रवि शर्मा ने भाग लिया। लोकसभा चुनाव 2024 में इस शक्ति केन्द्र से पार्टी को लगभग 1800 वोटों की बढ़त मिली थी। इसी क्रम में पार्टी को और अधिक मजबूती के लिए संगठन को और प्रभावी बनाया जायेगा। विधानसभा चित्तौड़गढ़ के नये बूथ 129, 130, 133, 134, 135, 138 महाराणा शक्ति केन्द्र में आते हैं।

## समायोजन से उत्पन्न समस्याओं को लेकर प्रगतिशील का प्रतिनिधि मंडल मिला जिला शिक्षा अधिकारियों से, की वार्ता



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** राज्य सरकार द्वारा राजस्थान के अधिशेष शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया को पूरा करने के क्रम में चित्तौड़गढ़ जिले में माध्यमिक शिक्षा और प्रारंभिक शिक्षा में भी शिक्षकों के पदों का समायोजन किया गया ।समायोजन के पश्चात पदस्थापन के बाद उत्पन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश कोषाध्यक्ष कालूराम खटीक के नेतृत्व में राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद जी दशोरा एवं प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय राजेंद्र कुमार शर्मा से मिला और शिक्षक परियोजनाओं को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनके निस्तारण को निवेदन आग्रह किया। जानकारी देते हुए संगठन के जिला मंत्री को गोपेश कोदली ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा ने पूर्व में चयनित 6ष्ठ के शिक्षकों को भी प्रारंभिक शिक्षा को लौट कर राज्य सरकार के समायोजन नियमों का उल्लंघन किया है। साथ ही कई शिक्षकों का उनके पंचायत क्षेत्र से अन्य पंचायत या ब्लॉक में समायोजन कर दिया जो नियम विरुद्ध है, साथ ही इसे माध्यमिक शिक्षा के कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो गई है जिसको लेकर तालाबंदी होने लग गई है । संगठन ने शिक्षा अधिकारियों से निवेदन किया है कि समायोजन से उत्पन्न समस्याओं का निराकरण करा कर शिक्षकों को राहत प्रदान करें। संगठन के जिला अध्यक्ष गोपाल स्वरूप त्रिपाठी ने कहा कि अगर शिक्षकों की वाजिब समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो संगठन राज्य स्तर पर आंदोलन करेगा । प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश सचिव घनश्याम गर्ग, शिव कोदली ,लालूराम सालवी , जिला उपाध्यक्ष सुरेश खोईवाल,जिला कोषाध्यक्ष हरिओम सिंह शाखावत , सूरजभान सारस्वत,नाना लाल,उपशाखा चित्तौड़ अध्यक्ष गणेश उनियारा , रजनीश साहु, अर्पित जैन सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे

## सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन, बरखेड़ा विजेता, नयागांव रही उपविजेता



**निम्बाहेड़ा (पुकार)।** निम्बाहेड़ा उपखण्ड की जलिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्व. श्री बगदीराम जी मीणा एवं स्व. श्री भानीराम मीणा की स्मृति में आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह पूर्व विधायक अशोक नवलखा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधान बगदीराम धाकड़ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि उप प्रधान जगदीश आंजना, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, पूर्व पंस सदस्य कारूलाल आंजना, बांगरेड़ा सरपंच राजेश धाकड़, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कैलाश जाट रहे। प्रतियोगिता आयोजक एवं सरपंच प्रतिनिधी अम्बालाल मीणा ने बताया कि सात दिवसीय प्रतियोगिता में चित्तौडगढ़ जिले सहित समीपवर्ती मध्यप्रदेश राज्य की कुल 32 टीमों ने भाग लिया। समापन अवसर पर फाइनल रोमांचक मुकाबला बरखेड़ा मीणा एवं नयागांव के मध्य खेला गया, जिसमें बरखेड़ा मीणा की टीम विजेता रही, वहीं नयागांव उप विजेता रही। समापन समारोह में अतिथियों का आयोजकों के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उपविजेता टीम को भी निराश नही होने तथा प्रयास करते रहने की बात कही। उन्होने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में एक टीम विजयी होती है, तो दूसरी टीम को पराजय मिलती है, लेकिन हमें हार से निराश नहीं होकर सदैव अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी के साथ नगद राशि से पुरस्कृत किया गया, साथ ही प्रतियोगिता के दौरान अपना सहयोग देने वाले अध्यापकों में विनोद व्यास, प्रेम प्रकाश, कैलाश खटीक, भुटीक भटनागर, नन्दलाल, शांतिलाल, सोनू, राधेश्याम तेली, जितेन्द्र जाट आदि को ट्रेक सूट भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बैंक मैनेजर अनिल कुमार मीणा, पटवारी गोवर्धन मीणा, पुरण मीणा, सुनिल सुथार, मुकेश सुथार, सुरेश सुथार, दीपक वैष्णव, दशरथ राणा, कमल मीणा, राम सिंह मीणा, भरत सिंह मीणा, सुनिल सुथार, गेहरीलाल, सचिव बद्रीलाल मीणा, गोपाल सिंह, शिवलाल, पुष्कर मीणा, दयाराम मीणा, कारूलाल मीणा, भेरूलाल, कमल मीणा, संदीप मीणा, जगदीश मीणा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण खेलप्रेमी युवा एवं महिलाऐं भी मौजूद रही।

## बढ़ते साइबर अपराधो को रोकने एवं लोगो को जागरूक के लिए अभियान

**प्रतापगढ़ (पुकार)।** बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने एवं लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रतापगढ़ पुलिस की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किए गए हैं, पुलिस द्वारा जारी इन चार वीडियो में किस तरह से साइबर अपराध हो रहे हैं और लोगों को जागरूक रहना है इस विषय में जानकारी प्रदान की गई है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने बताया कि आजकल साइबर ' इम की घटनाएं काफी बढ़ने लगी है, कभी विदेशो में नौकरी का झांसा देकर फर्जी एजेंट बनकर कॉल किया जाता है तो कभी पुलिस की वर्दी में आपके परिवार के किसी सदस्य को ड्रग डीलर बता कर डिजिटल अरेस्ट किया जाता है और जेल भेजने की धमकी दी जाती है, कभी सेक्स रैकेट, किडनैपिंग और ड्रग मामलों में आपको फसाने की धमकी देकर वसूली की जाती है,आजकल ऑनलाइन गेमिंग का भी काफी चलन बढ़ गया है, जिसके माध्यम से भी लोगों के साथ ठगी की जा रही है। एसपी विनीत कुमार बंसल ने बताया कि लोगों को अपने पासवर्ड और ओटीपी किसी भी हालत में दूसरों के साथ शेयर नहीं करने चाहिए, कभी भी इस तरह के काल आने पर घबराना नहीं है, कभी पुलिस अधिकारी,कभी इनकम टैक्स ऑफिसर ,कभी बैंक मैनेजर तो कभी वकील बनकर आपके पास इस तरह के फोन आते हैं तो सोच समझ कर उस पर एक्शन ले, पुलिस को तुरंत 1 9 3 0 पर सूचित करें, जिससे साइबर अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी और ऐसे अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकेगी, इसको लेकर वीडियो के माध्यम से आपके साथ जानकारी साझा की जा रही है,अन्य लोगों तक भी इसकी जानकारी पहुंचाएं।

## नगर परिषद की साधारण सभा सम्पन्न

**प्रतापगढ़ (पुकार)।** नगर परिषद की साधारण सामान्य सभा ,परिषद के सभाभवन में सभापति रामकन्या गुर्जर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । इस सम्बन्ध में संयुक्त जानकारी देते हूए परिषद सभापति रामकन्या गुर्जर,व आयुक्त ललितसिंह राठौड़ ने बताया कि कौरम पूर्ण होने से सभापति ने एजेन्डा प्रस्तावों का वाचन करते हुए प्रस्ताव 01 से परिषद की भूमि, भूखण्डों को निलामी करने व नवीन निलामी के प्रस्ताव रखा जिसपर विचार-विमर्ष करते हुए बहुमत से प्रस्ताव को पारित किया गया सभापति ने सदन को अवगत कराते हुए प्रस्ताव संख्या 02 पर विचार विमर्ष करते हुए कहां कि धरियावद रोड स्थित आईडीएसएमटी योजना में कुछ भूखण्ड रिक्त पडे हूए हैं उन्हे आंवटन की कार्यवाही की जानी हैं जिसपर उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए आंवटन की स्वीकृति प्रदान की गई ।

सभापति ने सदन को अवगत कराया कि शहर का एकमात्र मोहनलाल सुखाडिया स्टेडियम खेल मैदान जहां कई खेलकुद प्रतियोगिताओ का आयेदिन आयोजन होता हैं उस मैदान के चारो तरफ ब्लॉक निर्माण व रोषनी की व्यवस्था हेतु हाईमास्क लाईट लगाने का कार्य किया जाना हैं ताकि खेल प्रेमी अपनी खेलप्रतिभा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सके जिसपर विचार-विमर्ष करते हुए ब्लॉक निर्माण व हाईमास्क लाईट लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

शहर मे विकास कार्यो की मांग को देखते हुए सभापति ने धरियावद रोड पुलिया के पास चैपाटी बनाने का प्रस्ताव सदन के समक्ष रखने पर सदन द्वारा बहुमत से चैपाटी बनाने की स्वीकृति प्रदान की ।

महाशिवरात्रि मेले को भव्यरूप से मनाने के लिए 1 करोड 10 लाख की प्रषासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति बहुमत से प्रदान की गई । साथ ही परिषद द्वारा आयोजित वार्षिक मेले भाटपुरा हनुमानजी का मेला, शीतला माता मंदिर मेला, गुप्तगंगा महादेव मेला, कुबेदान उर्स, आदि मेले जो परिषद द्वारा आयोजित होते है उन्हे और भव्य रूप से मनाने हेतु प्रस्ताव में अंकित राषि अनुसार मनाने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

सभापति ने सदन को अवगत कराते हुए कहां कि शहर में कई पुराने देवी-देवताओ के स्थान, भैरू बाउजी के स्थान हैं जो जीर्ण-षीर्ण हो रहे हैं उनकी मरम्मत व जीर्णाद्वारा करवाया जाना हें जिसपर बाद चर्चा बाउण्ड्री व जीर्णोद्वारा की प्रशासनिक स्वीकृति बहुमत से जारी की गई ।

सभापति में परिषद के आय को बढाने हेतु नल,लाईट एनओसी, प्रमाणपत्र की राशि जो अभी तक ली जा रही थी वह काफी कम होने से उन्हे बढाने के प्रस्ताव को सदन के समक्ष रखते हुए कहां कि एजेन्डे में अंकित दर अनुसार नल,लाईट एनओसी प्रमाणपत्र राशि ली जाना हैं जिसको बाद विचार-विमर्ष बढ़ी हुई दर से राशि ली जाने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

सभापति ने शहर के पवित्र रमणीय स्थल तालाब की तलहटी पर हनुमानजी की भव्य प्रतिमा लगाने के प्रस्ताव को सदन के समक्ष रखने पर बहुमत से प्रतिमा लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई । साथ ही नगर परिषद परिसर स्थित खाली बगीचे की भूमि पर पार्किग व्यवस्था के प्रस्ताव को बहुमत से पारित करते हुए शेष समस्त प्रस्तावों को पारित करने का निर्णय सदन द्वारा लिया गया ।

बैठक में सभापति रामकन्या गुर्जर,उप सभापति सेवन्तिलाल चण्डालिया, पार्षद सर्वश्री मनीष गुर्जर,षीतल चनाल, ठाकुरप्रसाद खत्री,प्रतीक खोईवाल,नारंगी मीणा, पुजा गुर्जर, गोविन्द तेली,सावित्री सोनी, दिपक डोसी,थमीस मोदी, प्रीती शर्मा, लीलाबाई धोबी, खुर्षीद मोहम्मद, प्रीती सोमानी, हेमन्त मीणा, मुकेष जैन, मनोहर धोबी, नेहा दिवान, सोना जैन, अमीत जैन, किरण बत्रा, बाबुलाल सुथार, वर्षाकुंवर, व कांग्रेस के कई पार्षद तथा परिषद के अधिशाषी अभियन्ता नरसी मीणा, अतिरिक्त प्रषासनिक अधिकारी दिलीपकुमार मांडावत, कनिष्ठ अभियन्ता दुलीचंद सोलंकी, स्वास्थ्य निरीक्षक विषाल चनाल, कनिष्ठ सहायक सुनील खारोल, पवनकुमार सविता आदि उपस्थित थे ।

# सम्पादकीय

## बुढ़ापे को बुलावा

यह मौजूदा वक्त की विडंबना है कि आय बढ़ने के साथ लोगों ने घर में बने खाने की बजाय डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाने को तरजीह देना शुरू कर दिया है। सूचना माध्यमों के जरिये तुरत-फुरत के खाने के विज्ञापनों का इतने आक्रामक ढंग से प्रचार किया जाता है कि बच्चे क्या, बड़े भी डिब्बाबंद खाने के मुरीद होने लगते हैं। यह जानते हुए कि यह उनकी सेहत पर भारी है। जब घर के बड़े-बुजुर्ग इससे बचाव की सलाह देते हैं तो वे इसे पुरातनपंथी सोच करार दे देते हैं। लेकिन डिब्बाबंद खाने की मुहिम चलाने वाले पश्चिमी देशों को भी अब अहसास हो चला है कि डिब्बाबंद खाने से समय से पहले बुढ़ापा दस्तक देने लगता है। खानपान की पश्चिमी संस्कृति के वाहक इटली में हुए एक शोध ने विकसित देशों को भी नींद से जगाया है। दरअसल, इटली के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजी के एक हालिया शोध ने फिक्र बढ़ाने वाला निष्कर्ष दिया है कि डिब्बाबंद भोजन के जरूरत से ज्यादा सेवन से व्यक्ति का शरीर समय से पहले बूढ़ा हो जाता है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि इसके सेवन से हमारे शरीर की कोशिकाएं और ऊतक समय से पहले वृद्ध होने लगते हैं। यदि कोई व्यक्ति बहुत ज्यादा ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करता है तो बुढ़ापा जल्दी आएगा। इस शोध में करीब साढ़े बाइस हजार लोगों को शामिल किया गया। निष्कर्ष में पाया गया कि अधिक मात्रा में जंक फूड व प्रसंस्कृत भोजन का उपभोग करने वाले लोगों की जैविक उम्र अधिक दर्ज की गई। वैज्ञानिकों का दावा है कि हमारे खाने में शामिल प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के मुक्त कण अन्य स्वस्थ अणुओं के विरुद्ध प्रतिक्रिया देते हैं। चिंता की बात यह है कि ये न केवल डीएनए व आरएनए बल्कि प्रोटीन को भी नुकसान पहुंचाते हैं। जिससे समय से पहले ही शरीर की कोशिकाएं मरने लगती हैं। अंततः शरीर समय से पहले बूढ़ा होने लगता है। वहीं आशंका जतायी जा रही है कि रासायनिक पदार्थों द्वारा संरक्षित डिब्बाबंद खाना हमारे शरीर में सूजन भी पैदा कर सकता है। इतना ही नहीं कालांतर व्यक्ति मोटापा, हृदय रोग, दूसरी श्रेणी के मधुमेह व गठिया जैसे रोगों का भी शिकार हो सकता है। दरअसल, खाद्य पदार्थों का बाजार चलाने वाली कंपनियों की कोशिश होती है कि खाने को देर तक संरक्षित किया जाए। खाद्यान्न को प्रसंस्कृत करने के लिये सुरक्षित रखने वाले रासायनिक पदार्थों व सोडियम का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा अधिक मात्रा में चीनी तथा शरीर के लिये नुकसानदायक रसायन, वसा व कार्बोहाइड्रेट भी खाने को देर तक चलने लायक बनाने के लिये इस्तेमाल किए जाते हैं। जो आखिरकार हमारी सेहत से खिलवाड़ ही करते हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ कंपनियां अधिक मात्रा में स्टार्च का भी प्रयोग करती हैं। ये कालांतर शरीर में शूगर बढ़ने से मधुमेह का खतरा पैदा कर सकती हैं। अधिक तेल भी सेहत के लिये घातक होता है। सेहत वैज्ञानिक लंबे अरसे से कहते रहे हैं कि डिब्बाबंद खाना व जंकफूड शरीर में मोटापा बढ़ाता है। दरअसल, इसमें विद्यमान ट्रांस फैट कालांतर शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा देता है। इससे बाद में कई तरह के रोग पैदा हो जाते हैं। विशेषकर दिल के रोगों के लिये यह घातक साबित हो सकता है। एक अध्ययन बताता है कि हाल के वर्षों में भारतीयों के खाने में डिब्बाबंद भोजन का हिस्सा बढ़ा है। एक भारतीय रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि नई पीढ़ी घरों में खाना बनाने के बजाय डिब्बाबंद खाने को तरजीह दे रही है। जो कालांतर गैर संक्रामक रोगों को ही बढ़ावा देता है। विडंबना यह कि मां-बाप के मना करने के बावजूद नई पीढ़ी के किशोर व बच्चे डिब्बाबंद खाने और फास्ट फूड को अपना मुख्य भोजन बना रहे हैं। यही वजह है कि बड़ी उम्र में होने वाले लाइफस्टाइल के रोग अब बच्चों व किशोरों में भी होने लगे हैं। निश्चित ही इटली में हुआ शोध हमारी आंख खोलने वाला होना चाहिए। लोगों को डिब्बाबंद भोजन से परहेज करने के लिये जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

### सुविवि- प्रबंध मंडल की बैठक : सेल्फ फाइनेंस बोर्ड की बजाय लागू होगा आरटीपीपी एक्ट

# नई शैक्षणिक भर्ती पर सहमति, करियर एडवांसमेंट के लिफाफे नहीं खुल सके

**उदयपुर (पुकार)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की प्रबंध मंडल की बैठक मंगलवार को कुलपति प्रोफेसर सुनीता मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता कुंजन आचार्य ने बताया कि बैठक में शिक्षकों लंबे समय से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया(सीएएस) पर चर्चा हुई लेकिन लिफाफे नहीं खोले जा सके। आमंत्रित सदस्य वित्त नियंत्रक सीमा यादव ने कहा कि सरकार के आदेशों के तहत करियर एडवांसमेंट से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच पूरी होने तक लिफाफे नहीं खोले जा सकते। इसके लिए वित्त नियंत्रक को एक महीने में जांच पूरी करने को कहा गया। इसके लिए पुनः प्रबंध मंडल की बैठक 1 महीने बाद होगी, जिसमें लिफाफे खोले जा सकेंगे।

नए 88 शैक्षणिक पदों की भर्ती के लिए रोस्टर के तहत सरकार से वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करके भर्ती प्रक्रिया को शुरू किया जा सकेगा। इसके साथ ही सेल्फ फाइनेंस बोर्ड में कार्यरत सभी कर्मचारियों को अब आरटीपीपी एक्ट के तहत नियुक्त किया जाएगा और एक्ट के तहत ही उनका वेतनमान भी तय होगा। यह प्रक्रिया जनवरी से लागू की जाएगी। प्रबंध मंडल ने डीन पीजी के पद पर प्रो केबी जोशी की नियुक्ति की। नए प्रशासनिक भवन के निर्माण की स्वीकृति दी गई। इसके तहत कुलपति सचिवालय, रजिस्ट्रार कार्यालय , वित् नियंत्रक कार्यालय शामिल हैं।इसके साथ ही परीक्षा की गोपनीय शाखा की भी नई बिल्डिंग बनेगी जिसके तहत तीन मंज़िला मल्टीपरपज परीक्षा हॉल बनाया जाएगा जिसमें एक साथ बड़ी संख्या में बैठकर विद्या की परीक्षा दे सकेंगे। यह नए भवन एनबीसीसी के नेतृत्व में बनाई जाएगी। हरकेश मीणा परीक्षा प्रकरण में यह निर्णय किया गया कि ऑडिट जाँच होने तक उनको पी पी अफ और पेंशन परिलाभ नहीं रोके जाएं। नए फूड एवं न्यूट्रिशन डिपार्मेंट की स्थापना की स्वीकृति भी प्रदान की गई। लॉ कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज के नए भवन के निर्माण की भी अनुमति प्रदान की गई। बैठक में विधायक उदय लाल डांगी और प्रताप गमेती के साथ ही प्रोफ़ेसर अशोक शर्मा अतिरिक्त संभागीय आयुक्त सीआर देवासी, रजिस्ट्रार डॉ बीसी गर्ग, प्रो बीएल वर्मा, प्रो हेमंत द्विवेदी, प्रोफ़ेसर प्रतिभा, प्रो एमके जैन, प्रो सतीश शर्मा, डॉ जूही प्रधान सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जिला टास्क फोर्स की बैठक में महिलाओं और बालिकाओं से जुड़ी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा



**उदयपुर (पुकार)।** जिला महिला समाधान समिति, वन स्टॉप मॉनिटरिंग कमेटी एवं बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजनान्तर्गत जिला टास्क फोर्स की बैठक एडीएम सिटी वार सिंह की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

एडीएम ने जिला महिला समाधान समिति का पर्यवेक्षण करते हुए जिले में जीआरपी थाना में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र को अन्यत्र जगह शिफ्ट करने के लिए राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही वन स्टॉप केन्द्र सलूंबर के संचालन में नियमानुसार कार्यवाही हेतु निर्देश दिए।

बीबीबीपी योजनान्तर्गत प्रचारात्मक गतिविधि यथा रूबरू कार्यक्रम, किशोरी, एक्सपोजर विजिट आदि कराने व जिले में गिरते लिंगानुपात पर पीसीएनडीटी कोऑर्डिनेटर को प्रभावी निरीक्षण व पर्यवेक्षण हेतु निर्देश प्रदान किये।

बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व एडीजे कुलदीप शर्मा ने महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रावधानों के बारे में जानकारी दी।

पुलिस उप अधीक्षक हितेष मेहता ने राजकॉप सिटीजन एप द्वारा महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन एवं सहायता आदि के बारे में जानकारी दी। महिला अधिकारिता उप निदेशक संजय जोशी ने बताया कि प्रदेश के असंगठित और अनौपचारिक क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा एवं शिकायतों के निवारण हेतु त्रि-स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

इन समितियों का उदद्देश्य महिलाओं को कार्य करने की अनुकूल व स्वतंत्र परिस्थितियां व सुरक्षात्मक वातावरण मिल सके व कार्यस्थल पर किसी भी महिला के साथ किसी प्रकार का भावनात्मक, शारीरिक, लैंगिक एवं आर्थिक शोषण नहीं हो।

बैठक में उदयपुर जिले के नव चयनित पुलिस सर्किलों में स्थापित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में मानसिक विमंदित महिलाओं एवं उनके आश्रितों के पुर्नवास हेतु सामाजिक न्याय के समन्वय से आवश्यक कार्यवाही करने, वन स्टॉप केन्द्र, चयनित पुलिस सर्किलों, विभिन्न कार्यालयों में स्थापित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों के प्रचार-प्रसार के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं से बाल विकास परियोजना अधिकारी, संरक्षण अधिकारी राम किशोर खदाव, श्रीमती मनीषा भटनागर आदि उपस्थित थे।

## उदयपुर के आयुष शर्मा बने बी. एस. एफ में असिस्टेंट कमांडेंट

**उदयपुर (पुकार)।** शहर के अंबामाता में रहने वाले आयुष शर्मा का संघ लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी.) द्वारा बी.एस.एफ. में असिस्टेंट कमांडेंट पद पर चयन हुआ।

चयनोपरान्त इन्होंने एक वर्ष का बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर ट्रेनिंग पूर्ण की। इस दौरान सीमा सुरक्षा बल अकादमी (बी.एस.एफ. एकेडमी) टेकनपुर, ग्वालियर में असिस्टेंट कमांडेंट ,पासिंग आउट परेड आयोजित की गई, इस कार्यक्रम में आयुष शर्मा को बैच 50 के 'डायरेक्टर ट्रॉफी बेस्ट शूटर' सम्मान से पुरस्कृत किया गया । तत्पश्चात इनके कंधो पर स्टार लगाए गए। आयुष शर्मा ने सी टी ए ई उदयपुर से बी.टेक. मेकेनिकल इंजीनियर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की। इनकी प्रारंभिक शिक्षा पंजाब के डीएवी पब्लिक स्कूल, मुक्तसर में हुई। इनके पिता प्रो.अवधेश कुमार भट्ट मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर में प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। आयुष शर्मा का पारिवार मूलतः अजीतगढ़, जिला नीमकाथाना के निवासी हैं।

## विधि के विद्यार्थियों ने की जेल विजिट



**उदयपुर (पुकार)।** मोहनलाल मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विधि महाविद्यालय के बी.ए.एलएल.बी. पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा मंगलवार को उदयपुर के केंद्रीय कारागृह का किया दौरा किया। इस जेल विजिट के कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विधि के विद्यार्थियों में जेल प्रणाली और उससे सम्बन्धित कानूनों की बेहतर समझ हासिल करना था।

जेल विजिट के दौरान कानून के विद्यार्थियों जेल की व्यवस्था के सम्बंध में प्रमुख रूप से सुरक्षा : जेल में सुरक्षा कैसे बनाए रखी जाती है और उल्लंघन की स्थिति में क्या करना चाहिए चिकित्सकीय सुविधाएं : जेल में क्या चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं? कैदी का काम : कैदी किस प्रकार का काम करते हैं, जैसे बढ़ईगीरी, सिलाई और बुनाई और कैदी के अधिकार : कैदियों के अधिकार, जैसे पर्याप्त भोजन, स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छ रहने की स्थिति तक पहुंच और जेल में कानूनी के कानूनी अधिकार और उन्हें मिलने वाली कानूनी सहायता के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। बी.ए.एलएल.बी. पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रभारी डॉ. प्रियदर्शी नागदा ने बताया कि इस जेल विजिट से विद्यार्थियों ने न्यायिक व्यवस्था और जेल की प्रशासनिक व्यवस्था के बीच अंतरसंबंधों को जाना तथा इस जेल विजिट कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय स्टाफ चंदन सिंह, नरेश वीरवाल, कपिल लोहार, हिम्मत, राजेश, रोहित एवं विधि छात्र इत्यादि उपस्थित रहे।

## डॉ. कर्नाटक कीट विज्ञान शोध हेतु सम्मानित



**उदयपुर (पुकार)।** आस्था फाउंडेशन, मेरठ द्वारा राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में कीट विज्ञान अनुसंधान में श्रेष्ठ कार्य सम्पादन हेतु डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक, कुलपति महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को आज 'चौधरी हंसा सिंह' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सतत् कृषि एवं संबंद्ध विज्ञान के लिए वैश्विक अनुसंधान पहल पर आयोजित इस संगोष्ठी में डॉ. कर्नाटक ने 'कल, आज और कल की कृषि' पर एक विशेष व्याख्यान देते हुए आने वाले समय में पानी की कमी, मृदा क्षरण और फसल उत्पादकता के संबंधों को रेखांकित करते हुए मक्का व मिलेट्स के उत्पादन पर बल दिया। डॉ. कर्नाटक ने जलवायु परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में सटीक व डिजिटल कृषि एवं सतत जल प्रबंधन पर बल देते हुए वैज्ञानिकों व प्रसार कार्यकताओं से नवीन तकनीकों को कृषकों तक शीघ्र पहुंचाने का आवाह्न भी किया। स्मरण रहे कि डॉ. कर्नाटक के नेत्तृत्व में एमपीएयूटी इस दिशा में निरन्तर कार्यरत है तथा नवाचारों के आधार पर यह विश्वविद्यालय वर्ष 2024 में अब तक 25 पेटेंट व डिजाइन पंजीकरण प्राप्त कर चुका है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जे.एस. संधु, पूर्व कुलपति, एसकेएनएयू, जोबनेर, डॉ. एस के चतुर्वेदी, निदेशक अनुसंधान, आर एल बी सीएयू, झासी, डॉ. पीके रॉय, निदेशक, आईसीएआर- डीआरएमआर, भरतपुर, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. अर्जुन सिंह बालोदा, डॉ. वेद प्रकाश एवं डॉ. अरविंद वर्मा आदि वैज्ञानिक उपस्थित थे।

# प्लेइंग-11 नियमों के उल्लंघन पर आईसीसी ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग को किया बैन

### लीग से सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और वसीम अकरम जैसे कई दिग्गज नाम थे जुड़े

● **दुबई** (एजेंसी)

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग (एनसीएल) पर बैन लगा दिया है। आईसीसी ने यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका क्रिकेट (यूएसएसी) को पत्र लिखकर लीग के भविष्य के संस्करणों को मंजूरी न देने का फैसला किया। पत्र में कहा गया कि लीग में प्लेइंग-11 नियमों का उल्लंघन किया गया है। इस टी-10 टूर्नामेंट में 6-7 विदेशी खिलाड़ियों को खेलने का मौका दिया गया था, जो आईसीसी के नियमों के खिलाफ है।

एनसीएल का पहला सीजन 4 से 14 अक्टूबर तक आयोजित हुआ था। रॉबिन उथप्पा की कप्तानी में शिकागो सीसी ने अटलांटा किंग्स को 43 रनों से हराकर खिताब जीता था। क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने उन्हें ट्रॉफी दी थी।

### कौन से नियमों का हुआ उल्लंघन?

⇨ आईसीसी के नियमों के मुताबिक, प्रत्येक टीम की प्लेइंग-11 में कम से कम 7 अमेरिकी खिलाड़ी होने चाहिए, लेकिन कई मैचों में 6-7 विदेशी खिलाड़ी खेले।

⇨ मैचों में ड्रॉप-इन पिचों का इस्तेमाल किया गया, जो बेहद खराब थीं। इस कारण कुछ खिलाड़ियों को चोट से बचाने के लिए स्पिन गेंदबाजी करनी पड़ी।

⇨ लीग अधिकारियों ने विदेशी खिलाड़ियों को मौका देने के लिए अमेरिका के इमिग्रेशन नियमों का भी उल्लंघन किया। स्पोर्ट्स वीजा के लिए 6 टीमों को कम से कम 2 लाख यूएस डॉलर खर्च करने होते हैं, लेकिन पैसे बचाने के लिए कई खिलाड़ी स्पोर्ट्स वीजा से नहीं आए।

### सुरेश रैना, दिनेश कार्तिक और अफरीदी ने भी लिया था भाग

इस लीग में भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना, दिनेश कार्तिक और पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी ने भी भाग लिया था। एनसीएल ने वसीम अकरम और विवियन रिचर्ड्स जैसे दिग्गजों को ब्रांड एंबेसडर बनाया था। साथ ही सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर को अपने ऑनरशिप ग्रुप में शामिल किया था।



## ब्रीफ न्यूज

### सनी ढिल्लों पर 6 साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली,** (एजेंसी)। आईसीसी ने अबू धाबी टी-10 लीग में पुणे डेविल्स के पूर्व सहायक कोच सनी ढिल्लों को मैच फिक्सिंग और भ्रष्टाचार का दोषी पाते हुए क्रिकेट के सभी प्रारूपों में छह साल का प्रतिबंध लगाया। ढिल्लों पर भ्रष्टाचार विरोधी संहिता उल्लंघन का आरोप था। उन्हें 13 सितंबर 2023 से निलंबित किया गया था।

### साई सुदर्शन ने करवाई सर्जरी

**नई दिल्ली,** (एजेंसी)। तमिलनाडु और गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने लंदन में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई। सर्जरी के बाद, 23 वर्षीय सुदर्शन ने इंस्टाग्राम पर कहा, मैं जल्द ही और मजबूत होकर लौटूंगा।

### झारखंड ने तमिलनाडु को 3-0 से हराया

**जगदलपुर,** (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित 29वीं राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले दिन झारखंड ने तमिलनाडु को 3-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। झारखंड की खिलाड़ी अमीषा बाक्सला ने हैट्रिक बनाकर अपनी टीम को विजयी बनाया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

### खो-खो विश्व कप के लिए प्रशिक्षण शुरू

**नई दिल्ली,** (एजेंसी)। भारत में होने वाले खो खो विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम का प्रशिक्षण शिविर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हो गया है। शिविर में 60 लड़कियों और 60 लड़कों को खो खो की तकनीक सिखाई जा रही है। 15 लड़कियां और 15 लड़के विश्व कप टीम में शामिल होंगे।

### ► बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : बुमराह ने वर्कलोड के कारण नहीं लिया हिस्सा

# तीसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया ने शुरू की प्रैक्टिस

● **एडिलेड** (एजेंसी)।

भारतीय टीम ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट से पहले मंगलवार को एडिलेड में जमकर प्रैक्टिस की। हालांकि, टीम के उपकप्तान और स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह प्रैक्टिस सेशन में शामिल नहीं हुए, क्योंकि उन्हें वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए आराम दिया गया था। तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा।

टीम इंडिया फिलहाल एडिलेड में है, जहां दूसरा टेस्ट मैच खेला गया था। टीम जल्द ही ब्रिस्बेन के लिए रवाना होगी। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें भारतीय खिलाड़ी अभ्यास करते हुए नजर आ रहे हैं।



### सीरीज में दोनों टीमें अब तक 1-1 से बराबरी पर

पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। भारत ने पर्थ टेस्ट 295 रन से जीता था, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मैच 10 विकेट से जीता था। तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेला जाएगा।

### प्रैक्टिस में विराट कोहली ने बैकफुट पर खेली ज्यादा गेंदें

तीसरे टेस्ट में केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ओपनिंग कर सकते हैं। प्रैक्टिस सेशन में दोनों ने पहले बैटिंग की, इसके बाद भारतीय बैटिंग ऑर्डर के बाकी खिलाड़ी आए, जिनमें शुभमन गिल, विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत शामिल हैं। कोहली ने एडिलेड नेट्स में बाउंस के कारण बैकफुट पर ज्यादा गेंदें खेली।

### डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में फिलहाल भारत तीसरे स्थान पर

दूसरे टेस्ट में हार के बाद भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम इंडिया के 57.29 प्रतिशत पॉइंट्स हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया 60.71 प्रतिशत पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर है और साउथ अफ्रीका 59.26 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है।

### पांच महीने में मिलीं 5 बड़ी हार...

### गौतम गंभीर की कोचिंग में नहीं दिख रहा स्वैग

एडिलेड टेस्ट में हार के बाद अब भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर पर सवाल उठने लगे हैं। गंभीर ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद टीम इंडिया के हेड कोच का पद संभाला था, जब उन्होंने राहुल द्रविड़ की जगह ली थी। लेकिन उनकी कोचिंग में भारतीय टीम का प्रदर्शन खास नहीं रहा है। वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में टीम गंभीर की कोचिंग में फाइनल की रेस में पिछड़ती हुई नजर आ रही है। जब गौतम गंभीर ने हेड कोच का पद संभाला, तो उन्होंने अपनी पसंदीदा कोचिंग स्टाफ की मांग की थी, जिसे बीसीसीआई ने मंजूर किया। अभिषेक नायर और रयान टेन डोशेट को असिस्टेंट कोच बनाया गया, जबकि साउथ अफ्रीका के मोर्ने मोर्केल को बॉलिंग कोच चुना गया। राहुल द्रविड़ के कार्यकाल के दौरान टी. दिलीप फील्डिंग कोच थे, और उनका कार्यकाल अब भी जारी है। गंभीर ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम सेलेक्शन में भी शामिल थे, हालांकि कोच के तौर पर उन्हें टीम सेलेक्शन में भाग नहीं लेना चाहिए था।



### गंभीर की कोचिंग में भारत का प्रदर्शन

**टी20 सीरीज वर्सेस श्रीलंका:** 3-0 से जीत

**वनडे सीरीज वर्सेस श्रीलंका:** 0-2 से हार

**टेस्ट सीरीज वर्सेस बांग्लादेश:** 2-0 से जीत

**टी20 सीरीज वर्सेस बांग्लादेश:** 3-0 से जीत

**टेस्ट सीरीज वर्सेस न्यूजीलैंड:** 0-3 से हार

**टेस्ट सीरीज वर्सेस ऑस्ट्रेलिया:** फिलहाल 1-1 से बराबरी

## अब मार्क टेलर ने सिराज के सेलिब्रेशन पर उठाए सवाल

### अंपायर का फैसला देखने से पहले जश्न मनाना गलत

**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने मोहम्मद सिराज के विकेट के बाद के जश्न पर सवाल उठाए हैं। 60 वर्षीय टेलर ने कहा, सिराज को अंपायर के फैसले का इंतजार किए बिना समय से पहले विकेट लेने का जश्न मनाने की आदत बन गई है। टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ियों को इस मामले पर सिराज से बात करनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करना खेल के लिए सही नहीं लगता।

टेलर ने नाइन न्यूज से बात करते हुए कहा, सिराज को जब लगता है कि उन्होंने बल्लेबाज को आउट कर दिया है, तो वह अंपायर के फैसले का इंतजार किए बिना ही अपने साथियों के साथ जश्न मनाने दौड़ पड़ते हैं। सिराज को ट्रैविस हेड के खिलाफ आक्रामक सेलिब्रेशन करने पर आईसीसी ने मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया था। टेलर ने कहा, जहां तक मोहम्मद सिराज की बात है, मैं चाहता हूं कि उनकी टीम के सीनियर साथी उनसे इस बारे में बात करें। ट्रैविस हेड के मामले में बहुत कुछ नहीं है, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि वे यह समझें कि जब उन्हें लगता है कि उन्होंने बल्लेबाज को आउट कर दिया है, तो उन्हें अंपायर का फैसला देखना चाहिए और फिर ही सेलिब्रेट करना चाहिए। मुझे लगता है कि ऐसा करना उनके लिए और खेल के लिए सही नहीं है। मुझे सिराज का जोश और प्रतिस्पर्धी स्वभाव पसंद है, लेकिन खेल का सम्मान बनाए रखना भी जरूरी है।

### साइमन कैटिच बोले- सिराज ने उस वक्त दिमाग से काम नहीं लिया

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बैटर साइमन कैटिच ने कहा, सिराज के दिमाग ने कुछ समय के लिए काम नहीं किया और बाद में उन्हें इसका पछतावा हुआ। यह शर्मनाक था कि सिराज ने उस वक्त दिमाग से काम नहीं लिया। खेल में इस तरह के व्यवहार की कोई जगह नहीं है।

### ट्रैविस हेड से बहस के बाद चर्चा में आए सिराज

एडिलेड टेस्ट के दौरान सिराज और ट्रैविस हेड के बीच बहस हुई, जिसके बाद सिराज चर्चा में आ गए। 7 दिसंबर को पिंक बॉल टेस्ट मैच के दूसरे दिन हेड ने सिराज की गेंद पर छक्का मारा, लेकिन अगली गेंद पर सिराज ने उन्हें बोल्ड कर दिया। 140 रन पर आउट होने के बाद हेड ने सिराज को कुछ शब्द कहे, जिसके बाद सिराज ने उन्हें डगआउट में जाने का इशारा किया। मैच के बाद हेड ने कहा, मैं उनकी सराहना कर रहा था, मैंने सिर्फ वेल बॉल बोला था, वहीं सिराज ने कहा कि हेड झूठ बोल रहे हैं।

## खेल मंत्री सारंग ने एथलीट विनोद सिंह को दी बधाई



**भोपाल, (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के एथलीट विनोद सिंह के 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स में इतिहास रचने पर प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने उन्हें बधाई दी। यह चैंपियनशिप कटक में आयोजित की गई थी, जिसमें विनोद ने बालक अंडर-20 वर्ग की 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया। विनोद ने 14.12.67 मिनट में दौड़ पूरी कर न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि एक नया मीट रिकॉर्ड भी बनाया। इस इवेंट में अकादमी के ही एक और एथलीट विकास बिंद ने 14.13.52 मिनट में दौड़ पूरी कर चौथा स्थान प्राप्त किया, जो पिछले रिकॉर्ड से बेहतर था। यह रिकॉर्ड पहले अकादमी के एथलीट सुनील डावर के नाम था, जिन्होंने 14.13.95 मिनट का समय दर्ज किया था। सारंग ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर विनोद, विकास और उनके प्रशिक्षकों एसके प्रसाद और संदीप सिंह को बधाई दी और कहा, यह प्रदर्शन प्रदेश के खेल इतिहास में एक नया सुनहरा अध्याय जोड़ता है। हमें इस उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने आगे कहा कि यह सफलता न केवल एथलीटों की मेहनत, बल्कि प्रशिक्षकों की अद्वितीय तैयारी और मार्गदर्शन का परिणाम है।

**5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर बनाया था नया मीट रिकॉर्ड**

## संक्षिप्त समाचार

### पौष्टिक आहार के पैकेट वितरण

**राजसमंद (पुकार)।** महावीर इंटरनेशनल त्रिशला द्वारा मंगलवार को कमला नेहरू हॉस्पिटल में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार के लिए वीरा संगीता महात्मा की ओर से गुड़, गोला, चना के 40 पैकेट वितरण किए गए। चिकित्सा



प्रभारी डॉ भूपेश परतानी, डॉ ममता प्रजापत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नर्सिंगकर्मी मोनिका शर्मा, मरियम्मा, त्रिशला अध्यक्ष सबरचोरड़िया, सचिव मधु शोभावत, सह सचिव टीना सिंहाल, वीरा नमिता जैन, वीरा संगीता महात्मा, वीरा विनीता बाफना, वीरा मीना सोनी आदि मौजूद थी।

### मानवाधिकार दिवसर पर दिलाई शपथ

**राजसमंद (पुकार)।** एसआरके कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। प्राचार्य प्रो सुमन बडोला ने मानवाधिकार पर शपथ दिलाई। अधिवक्ता सुनील बोहरा ने मानवाधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ गोपाललाल कुमावत ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ विभा शर्मा ने किया। धन्यवाद कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र कुमार शर्मा ने ज्ञापित किया। इस दौरान निर्मला मीणा, डॉ बृजेश कुमार बासोतिया, डॉ उषा शर्मा, डॉ प्रतीक विजय, डॉ मीनाक्षी बोहरा,



खुशबू, मनोहरसिंह, विजय रैगर, डॉ राकेश बागोतिया, डॉ विष्णु कुमार, डॉ राजश्री शेखावत सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

### डायरिया और निमोनिया पर विशेष नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित

**राजसमंद (पुकार)।** प्लान इंडिया और रेकिट डेटॉल स्वास्थ बनेगा इंडिया की संयुक्त पहल सेल्फ केयर फॉर न्यू मॉम एंड किड्स अंडर फाइव प्रोजेक्ट के अंतर्गत ग्राम पंचायत पसुन्द में डायरिया और निमोनिया पर विशेष नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बीकानेर से आई गावनियार नुक्कड़ नाटक टीम ने अपनी अद्वितीय प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत पपेट शो के साथ हुई, जिसने ग्रामीणों को न केवल रोचक तरीके से जोड़ा बल्कि विषय के प्रति रुचि भी बढ़ाई। इसके बाद नुक्कड़ नाटक टीम ने डायरिया और निमोनिया के इलाज के लिए ओआरएस और जिंक टेबलेट के महत्व पर जोर दिया। नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को साफ-सफाई से संबंधित डब्ल्यूएचओ के सात सूत्रीय कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। सीएचडब्ल्यू मीना पालीवाल ने निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) और ओआरएस के सही उपयोग का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को इसे समझने में मदद की। उनके इस लाइव डेमोंस्ट्रेशन ने दर्शकों को सरल और प्रभावी उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय सरपंच अयान जोशी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस जागरूकता पहल की सराहना की। प्लान इंडिया के ब्लॉक मैनेजर राहुल शाकद्वीपीय, सीएचडब्ल्यू जयदीप श्रीमाली और पूरी नुक्कड़ नाटक टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा।

### राज माली सेवा संस्थान प्रतिभा सम्मान समारोह के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि आज

**राजसमंद(पुकार)।** राज माली सेवा संस्थान द्वारा आयोजित मेवाड़ स्तरीय प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि बुधवार को शाम 5 बजे तक है। समाज के अध्यक्ष एडवोकेट बीएल माली ने सभी प्रतिभाशाली सदस्यों से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। यह एक सुनहरा अवसर है जब समाज अपनी प्रतिभाओं को सम्मानित करेगा। सभी प्रतिभाशाली सदस्य अवसर का लाभ उठाएं और जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। माली ने बताया कि संस्थान की प्रबंधकारिणी समिति ने निर्णय लिया है कि रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि को किसी भी स्थिति में आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इसलिए सभी इच्छुक प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। गौरतलब है कि यह सम्मान समारोह 29 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें राजसमंद, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा जिलों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं और पेशेवरों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर जिला उपाध्यक्ष लालूराम माली, सचिव मांगीलाल भोई, कोषाध्यक्ष सीए राजेंद्र माली, सह सचिव हीरालाल माली, सदस्य जगदीश चंद्र माली, लाडूलाल माली, कन्हैयालाल माली, एडवोकेट एनएल माली, एडवोकेट पुष्पेंद्र भोई, राम प्रसाद आदि तैयारियों में जुटे हैं।

### दिसम्बर में लगेगी टेलीफोन अदालत

**राजसमंद (पुकार)।** भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल के उपभोक्ताओं की समस्याओं, शिकायतों का निराकरण करने के लिए माह दिसम्बर में टेलीफोन अदालत का आयोजन किया जाएगा। महाप्रबंधक दूरसंचार उदयपुर व्यावसायिक क्षेत्र हरिप्रसाद मीणा ने बताया कि आयोजित होने वाली टेलीफोन अदालत में उपभोक्ताओं की लंबित शिकायतें जैसे टेलीफोन खराब रहना, टेलीफोन शिफ्ट करना, बिल अधिक आना इत्यादि मामलों को निपटारा किया जाएगा तथा शिकायतों का निष्पादन करने के लिए उपभोक्ता अपनी शिकायत को लिफाफे पर टेलीफोन अदालत लिखकर 11 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक सहायक महाप्रबंधक प्रचालन, कार्यालय महाप्रबंधक दूरसंचार उदयपुर व्यावसायिक क्षेत्र हिरण मंगरी सेक्टर 3 उदयपुर के नाम से भेज सकते हैं।

## विधायक माहेश्वरी ने उदीयमान राजस्थान वैश्विक शिखर सम्मेलन की प्रदर्शनियों का किया अवलोकन

**राजसमंद(पुकार)।** राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और प्रगति की झलक प्रस्तुत करते उदीयमान राजस्थान वैश्विक शिखर सम्मेलन में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने अजमेर विधायक अनीता भदेल के साथ सोमवार को प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इन प्रदर्शनियों में राजस्थान के उद्योग, खनन, हस्तशिल्प और पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का भव्य प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विधायक दीप्ति ने राज्य सरकार द्वारा प्रवासी राजस्थानियों के लिए समर्पित विभाग बनाए जाने की घोषणा को अत्यंत सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा हर वर्ष 10 दिसंबर को प्रवासी राजस्थानी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा प्रवासी राजस्थानियों को राज्य की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने



पाखंड और निर्लज्जता की सारी सीमाएं पार कर दी हैं। उन्होंने संसद भवन परिसर में विरोध के नाम पर मुखोटे लगाकर की गई नौटंकी और प्रतिदिन किए जा रहे तमाशों को लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर का अपमान बताया।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल व प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जिला कारागृह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण कार्मिक हेमंत पालीवाल ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसम्बर 1948 को सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा पत्र को अधिकारिक मान्यता दी गई, अतः प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता हैं। संविधान में प्रत्येक व्यक्ति के मूल अधिकार दियें जिन्हे मानवाधिकार भी कहते है। उनके अधिकारों के सरंक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर पर मानवाधिकार आयोग भी बनाया गया



है जो प्रत्येक व्यक्ति के मानवाधिकारों की संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान असिस्टेंट एलएडीसी प्रखर खण्डेलवाल ने संविधान में प्रदत मूल अधिकार यथा समता का अधिकार, स्वंतत्रता का अधिकार, निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, शोषण के विरूद्ध अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने का अधिकार है, जिसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जाता है। जिला कारागृह उपअधीक्षक हेमंत सालवी ने बंदियों को जानकारी दी कि संविधान ने जहां हमें अधिकार प्रदान किए है वहीं मौलिक कर्तव्य भी बताये जिनकी पालना प्रत्येक नागरिक को करनी चाहिए जैसे राष्ट्रीय ध्वज, स्मारक, राष्ट्रगान के प्रति सम्मान रखना, सरकारी सम्पति को नुकसान नहीं पहुंचाना, देश की अखण्डता की रक्षा करना इत्यादि। उन्होंने बताया कि स्वयं एवं समाज के व्यक्तियों के मानवाधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। शिविर के दौरान प्राधिकरण कार्मिक निजी सहायक सागर वर्मा, हरदीपसिंह, प्रभावसिंह असिस्टेंट एलएडीसीए शिवलाल सहित जिला कारागृह कार्मिक एवं बंदी मौजूद थे।

## स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छ भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**राजसमंद,(पुकार)।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 185 वी जयंती के मौके पर नगर परिषद राजसमंद द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छ भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नप आयुक्त दुर्गेश रावल ने बताया कि इस दौरान आलोक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के संबंध में अपने मौलिक विचारों को कागज पर उतरा। करीब आधे घंटे समय की अवधी में बच्चों ने निबंध को पूरा किया। इस मौके पर नगर परिषद के ओर से अभिमन्यु उदावत, पूजा पालीवाल, आलोक संस्थान से ध्रुव कुमावत, प्रधानाचार्य ललित पुरी



गोस्वामी, मनोज आमेटा, आईसी टीम सदस्य हरीश धनोतिया, राहुल ठाकुर, तरुण जोशी मौजूद थे। निबंध प्रतियोगिता के समापन के दौरान वहां मौजूद अधिकारियों ने संभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। नगर परिषद के अभिमन्यु उदावत ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के समापन के बाद चयनित विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा।

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**राजसमंद, (पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य के नेतृत्व में मंगलवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकुट बिहारी शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक नूतन प्रकाश जोशी और जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक राजेंद्र कुमार गग्गड़ से मुलाकात कर अधिशेष शिक्षकों के समायोजन और अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि ज्ञान के मार्फत अधिशेष शिक्षकों की समायोजन प्रक्रिया में पीड़ित शिक्षकों की परिवेदनाओं का मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए निस्तारण करने और उसमें भी विशेष रुप से गंभीर बीमारी, एकल, विधवा एवं परित्यकता महिलाओं, अधिशेष नहीं दिखाए गए शिक्षक सहित दिव्यांग शिक्षकों एवं ब्लॉक से बाहर पदस्थापन के मामलों में प्राप्त



परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करने सहित उच्च माध्यमिक एवं महात्मा गांधी विद्यालयों में यथावत रखें गए प्रारम्भिक शिक्षा के शिक्षकों के यथावत आदेश जारी करने, समायोजित किए गए कुछ शिक्षकों के बजट हेड के अभाव में ओनलाइन जोइनिंग में आ रही समस्या का तुरन्त निराकरण करवाने, बालिका विद्यालयों में नियमानुसार ही पुरुष शिक्षकों को लगाने सहित शिक्षकों की योग्यता अभिवृद्धि के साथ वरिष्ठता सूची में शिक्षकों के नाम जुड़वाकर बकाया स्थाईकरण प्रकरणों का शीर्ष निस्तारण कराने की मांग की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को सभी समस्याओं का शीघ्र ही परिवेदना के आधार पर उचित और शिक्षक हित में निस्तारण करने का आश्वासन दिया। साथ ही दूरस्थ लगे शिक्षकों को भी राहत देने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला मंत्री सुजीत कुमार त्रिपाठी, संगठन मंत्री शंकर माली, सचिव विनोद आचार्य, आमेट अध्यक्ष हरिओम सिंह चुंडावत, कमल पुरी गोस्वामी,सिद्धार्थ सांधू, राधेश्याम राणा मौजूद थे।

## शिक्षा का सार्वजनीकरण सामुदायिक जागृति से ही सम्भव

**राजसमंद(पुकार)।** शिक्षा के क्षेत्र में अभिभावकों व समुदाय का सहयोग, सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में राजकीय विद्यालयों में संचालित एसएमसी एवं एसडीएमसी के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में वैष्णव ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए एसएमसी में महिला सदस्यों की सहभागिता से लड़कियों को भी उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित करने बात कही। केआरपी सुरेंद्रसिंह ने समग्र



पीईईओ फरारा में मंगलवार को संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए पीईईओ अधिकारी सुरेंद्रसिंह ने बताया की शिक्षा हर बच्चे का अधिकार बन चुकी है, ऐसे में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों को भी बालकों के सर्वांगीण विकास में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करना होगा। एसआरजी वीणा वैष्णव ने प्रशिक्षण में विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन के पीछे निहित उद्देश्य, साधारण सभा, कार्यकारी समिति के कार्य, कार्यकाल, आरटीई 2009, शिक्षा नीति 2020, विद्यालयों में छात्रों से संबंधित योजनाओं के बारे में शिक्षा की ओर से विद्यालय को दिये जाने वाले विविध अनुदानों से अवगत कराते हुए एएसएमसी के सहयोग से उसका विद्यालय और छात्र हित में अधिकाधिक उपयोग करने की बात कही। प्रशिक्षण के दूसरे दिन एसआरजी वीणा वैष्णव ने विद्यालय विकास योजना, हरित पाठशाला, साक्षरता अभियान, विद्यालय स्वच्छता, राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कार्यक्रम, स्वास्थ परीक्षण इत्यादि के बारे में चर्चा की। प्रशिक्षण में पीईईओ फरारा के क्षेत्राधीन समस्त राजकीय विद्यालयों की एसडीएमसी व एसएमसी के सदस्यों ने भाग लिया।

## विधिक सेवाएं देने के लिए गठित यूनिट का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**राजसमंद (पुकार)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा मानसिक रूप से बीमार व बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए जारी नवीन योजना नालसा (मानसिक रूप से बीमार व बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवाएं) स्कीम 2024 के सफल क्रियान्वयन के लिए दिए गए निर्देशानुसार एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के आदेश की पालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गठित एलएसयूएम के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राधिकरण के सभागार में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने नई योजना की जानकारी प्रदान कर किया। अग्रवाल की अध्यक्षता में गठित इस यूनिट में सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी, डिप्टी चीफ एलएडीसी पैनल अधिवक्ता एवं पैरा लीगल वॉलन्टियर्स शामिल है जो मानसिक रूप से बीमार व बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के हितार्थ बनी योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्य करेंगी। इस दौरान




यूनिट के सदस्यों को मानसिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के लिए विधिक अधिकारों, विभिन्न कानूनी प्रावधान, विभिन्न मनोविकार एवं उनका समाधान, दिव्यांग व्यक्तियों के साथ होने वाली समस्याएं, दिव्यांगजन के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर इसे धरातल पर क्रियान्वित कर अधिक से अधिक आमजन को लाभान्वित करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से राजपालसिंह शेखावत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी संदीप डीगरवाल, मेडिकल ऑफिसर डॉ लालचन्द बैरवा, सुनील चंदेल स्पेशल शिक्षक अक्षम सेवा संस्थान, एडीवी ललित साहू, असिस्टेंट एलएडीसी ऋतु शर्मा, प्रखर खण्डेलवाल एवं प्रभावसिंह उपस्थित थे।

## भावा में 7 फीट लंबा अजगर ने मचाया हड़कंप

**राजसमंद,(पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती भावा निवासी मांगीलाल गुर्जर के घर पर 7 फीट लंबे अजगर के बच्चें के दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही वन्यजीव प्रेमी शेरा शर्मा (शुभम) और उदयदास वैष्णव मौके पर पहुंचे और



अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। इस बारे में अक्षय ने जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि अजगर घर के आंगन में घूम रहा था, जिससे सभी डर गए थे। उन्होंने तुरंत वन्यजीव प्रेमी शेरा को सूचना दी। वन्यजीव प्रेमियों ने सावधानीपूर्वक अजगर को पकड़ कर जंगल में छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि वन्यजीव प्रेमियों की वजह से जानवरों और इंसानों के बीच संतुलन बना रहता है। यह घटना एक बार फिर अजगर संरक्षण के महत्व को उजागर करती है। अजगर एक संरक्षित प्रजाति है और इकोसिस्टम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## मुनि वागीश का 74वां जन्मदिवस त्याग, तप एवं सुकृत सेवा कार्यों से मनाया

**राजसमंद (पुकार)।** ऋषि महाराज एवं खादीधारी गणेशीलाल महाराज की दीक्षा जयंती, जैन दिवाकर चौथमल महाराज का स्मृति दिवस, श्रमण संघीय महामंत्री सौभाग्य मुनि महाराज का जन्म दिवस एवं उप प्रवर्तक विनय मुनि वागीश महाराज का 74वां जन्मदिवस श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कांकरोली के तत्वाधान में नया बाजार स्थित महावीर भवन में उप प्रवर्तक विनय मुनि वागीश, गौतम मुनि गुणाकर, तपो केसरी संजय मुनि, तत्व चिंतक सागर मुनि एवं हैं सिद्धांताचार्य साध्वो प्रतिभा, प्रेक्षा, प्रेरणा आदि ठाणा के सानिध्य में सामायिक एवं सामुहिक एकासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संजय मुनि ने भगवान महावीर की स्तुति से की। विनय मुनि ने नवकार महामंत्र का जाप कराया तथा आनंद ऋषि और चौथमल महाराज की स्तुति की। गौतम मुनि, सागर मुनि एवं साध्वी प्रेक्षा व प्रेरणा ने कहा कि जन्मदिवस, दीक्षा जयंती या स्मृति दिवस सन्त महापुरुषों, त्यागी तपस्वियों का ही मनाया जाता है, हर किसी का नहीं मनाया जाता। पुण्य दिवसों पर महापुरुषों का स्मरण कर सभी को धर्म ध्यान से जुड़ने और त्याग तप एवं सुकृत सेवा कार्य जरूर करने की प्रेरणा दी। विनयमुनि के 74वें जन्म दिवस पर शांतिलाल सागरमल




चंडालिया परिवार ने जरूरतमंदों को ऊनी कम्बलें एवं एक क्विंटल मक्की पक्षियों के लिए दी गई। श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कांकरोली की ओर से मादड़ी गौशाला में एक ट्रोली घास एवं एक क्विंटल मक्की पक्षियों के लिए दिया गया। चंदनबाला महिला मंडल ने मादड़ी गौशाला में गायों को गुड़ की लापसी खिलाई गई और गायों के घास के लिए सहायता राशि दी गई। देशबन्धु पंकज हिंगड़ ने भी जरूरतमंदों के लिए 25 ऊनी कम्बल एवं एक क्विंटल मक्की पक्षियों के लिए दी गई। संचालन संघ के महामंत्री रोशन डांगी ने किया। इस दौरान संघ अध्यक्ष महेश पगारिया, उपाध्यक्ष दिनेश बाबेल, डॉ जीवन सिसोदिया, सलाहकार डॉ जीएल हिंगड़, देशबन्धु हिंगड़, गणपत सिसोदिया, हरकलाल चपलोत, कोषाध्यक्ष सागर चंडालिया, मंत्री सुधीर पगारिया, व्यवस्थापक अंबालाल सिंघवी, संचालक मंडल सदस्य दलपतसिंह बोल्या, बाबुलाल हिंगड़, सांस्कृतिक मंत्री राकेश पगारिया, कार्यकारिणी सदस्य पूरण पीपाड़ा, राजेंद्र पगारिया, भंवरलाल श्रीश्रीमाल, नेमीचंद रांका, सुरेन्द्र पामेचा, निरंजन पगारिया, अशोक पामेचा, संजय बोल्या, नवयुवक मंडल अध्यक्ष विपिन सुराणा, महामंत्री मनोज कावड़िया सहित श्रावक-श्राविकाएं, युवा एवं बालिकाएं उपस्थित थी।

## बीएन की छात्राओं का जोधपुर-जैसलमेर शैक्षणिक भ्रमण

**राजसमंद(पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने चार दिवसीय जोधपुर-जैसलमेर भ्रमण किया गया। प्राचार्या डॉ अपर्णा शर्मा ने बताया कि जोधपुर-जैसलमेर शैक्षणिक भ्रमण से पश्चिमी राजस्थान के वातावरण, वहां की प्रकृति, संस्कृति, रहन-सहन, भौगोलिक परिस्थितियां, भौगोलिक-सांस्कृतिक व शैक्षणिक तथ्यों से छात्राएं रूबरू हुई और कुछ नया सीखने को प्राप्त हुआ। उपाचार्य डॉ इन्द्रसिंह राठौड़ ने जानकारी दी कि लगभग 50 छात्राओं




द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। छात्राओं के साथ जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ सुमना श्रीमाली व भूगोल व्याख्याता डॉ कमलेश पालीवाल भ्रमण में शामिल थे। डॉ सुमना श्रीमाली ने बताया कि छात्राओं

**● पश्चिमी राजस्थान के बारे में जाना**

ने यात्रा के दौरान ओम बन्ना, बाबा रामदेव व तनोट माता के दर्शन किए। जोधपुर में मण्डोर उद्यान व मेहरानगढ़ भ्रमण कर जोधपुर के इतिहास को जाना। जैसलमेर की पटवा हवेली व किले को देख छात्राओं ने आनन्द का अनुभव किया। जैसलमेर के सम व रणऊ के रेगिस्तानी टीलों पर शाम का आनन्द लेते हुए ऊँट व जीप सफारी का एडवेन्चर कर छात्राएं रोमांचित हुई। डॉ कमलेश पालीवाल ने बताया कि छात्राओं ने वार मेमोरियल म्यूजियम व लोंगावाला युद्ध क्षेत्र देख छात्राएं भाव विभोर हुई व 1971 भारत-पाक युद्ध की जानकारी प्राप्त की व साथ ही भारत-पाक सीमा का भी अवलोकन किया गया। जो छात्राओं के उत्सुकता का केन्द्र रही। यात्रा चौथे दिन जवाई लेपर्ड सफारी कर छात्राओं का मन अत्यन्त हर्षोल्लास से भर गया। चार दिवसीय जोधपुर-जैसलमेर भ्रमण में छात्राओं ने भरपूर आनन्द हर्ष का अनुभव किया।

## स्कूल मैनेजमेंट कमेटी एवं स्कूल ड्वलपमेंट कमेटी की बैठक में मातृशक्ति ने बढ़ चढ कर लिया भाग

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती राउमावि एमडी के प्रागंण में मंगलवार को स्कूल मेनेजमेंट कमेटी एवं स्कूल ड्वलपमेंट एण्ड मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। केआरपी कौशनचन्द्र सनाढ्य ने बताया कि दूसरे दिवस की एसएमसी व एसडीएमसी बैठक की अध्यक्षता प्रधानाचार्य भानु कुमार वैष्णव ने की। मुख्य अतिथि एमडी के उपसरपंच मांगीलाल कुमावत एवं मार्गदर्शक उपप्रधानाचार्य चन्द्रवन्दना कुमावत थे। सनाढ्य ने बताया कि बैठक को वार्ताकार एंव वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर ने कहा कि बालक-बालिकाओं की प्रथम गुरू मां होती है जो बच्चों को इस धरा पर पहला कदम



रखना सिखाती है। आप चाहें तो बालक-बालिकाओं का शैक्षिक व सहशैक्षिक स्तर सुधारते हुए उनका केरियर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। बैठक की कार्यवाही का शुभारम्भ रिसोर्ट पर्सन मधु पालीवाल की ईश वन्दना से किया। पालीवाल ने सभी सम्भागियों को संकल्प दिलाते हुए एमडी पीईईओ क्षेत्र के समस्त विद्यालयों का स्तर सुधारने के लिए आह्वान किया। उपसरपंच मांगीलाल कुमावत ने कहा कि सादगी और सज्जनता ही विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। बैठक में भरत त्रिपाठी, बालकृष्ण पालीवाल, सुनिल गोदारा, जब्बरसिंह, लक्ष्मीलाल कुमावत का सहयोग रहा। इस दौरान सम्भागी राजकुंवर झाला, सुनितादेवी,

**● मातृ सम्मेलन में बच्चों के सर्वांगीण विकास का लिया संकल्प**

ललिता लौहार, सुशील कंवर, पूजा गोस्वामी, लक्ष्मणसिंह चौहान, शन्नों कंवर, देउबाई, निर्मला कुंवर, शंकर कुंवर, मिट्ठुदेवी, मायादेवी, प्रिया, गीतादेवी, दुर्गादेवी, गीता सालवी, लक्ष्मीदेवी, कैलाशदेवी, मनोहरीदेवी, सीमादेवी, कालीदेवी, पुष्पा, सीता जाट, नगजीराम, यशोदा, अणछीदेवी, द्रोपदी, हीरादेवी, शम्भु पुरी व कंचनदेवी ने प्रतिनिधित्व किया। संचालन केआरपी मधु पालीवाल ने किया।

## वीरांगना मां पूरी बाई का जन्मोत्सव आज

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही हरिवंश कीर समाज की आराध्य देवी वीरांगना मां पूरी बाई कीर का 313वां जन्मदिन कीर की चौकी में स्थित प्रतिमा पर बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पूरे देश में अनेक राज्यों में निवास रथ कीर समाज के प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी सहित पंच पटेल की मौजूदगी में धर्म सभा का कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं कीर समाज विकास पर कार्य योजना बनाई जाएगी। चित्तौड़ जिलाध्यक्ष धर्मराज कीर ने बताया कि कीर समाज विकास की देहलीज पर खड़ा है तथा सरकार की ओर से मिलने वाले अनुदान की राह पर चल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें...

### इंस्पेक्टर उदयसिंह चुंडावत बने डीएसपी, साइबर थाना इंचार्ज होंगे



**भीलवाड़ा।** साइबर थाने पर तैनात इंस्पेक्टर उदयसिंह चुंडावत प्रमोशन के बाद अब आरपीएस बन गए हैं। सोमवार को एसपी धर्मेंद्रसिंह यादव ने डीएसपी चुंडावत को आरपीएस का बैज और कैप पहनाकर बधाई दी। इसके साथ ही डीएसपी चुंडावत ही अब साइबर थाने के इंचार्ज होंगे। इंस्पेक्टर उदयसिंह चुंडावत के प्रमोशन का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन था, जिस पर निर्णय होने के बाद उन्हें आरपीएस के रूप में पदोन्नति मिल गई है। सोमवार को एसपी धर्मेंद्र सिंह ने अपने ऑफिस में चुंडावत के पदोन्नति संबंधी औपचारिकता पूरी की। गौरतलब है कि साइबर थाना इंचार्ज का पद अब तक एससी-एसटी सेल के डीएसपी हरजीराम चौधरी के पास था।

### विद्यालय विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी- सरपंच शंभूलाल गुर्जर




**भीलवाड़ा।** जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुंदली में मंगलवार को वालंटियर प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रशिक्षण के केआरपी महेश मंडोवरा ने बताया कि ग्राम पंचायत सरपंच शंभूलाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रेरक अपना काम पूरी निष्ठा से करेंगे एवं विद्यालय विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र के बाद प्रशिक्षण देते हुए केआरपी मंडोवरा ने सर्व प्रथम प्रशिक्षण का परिचय दिया एवं प्रारंभिक शिक्षा की चुनौतियों पर चर्चा की। इसके साथ ही वॉलिंटियर्स के कार्य एवं भूमिका शिक्षा कार्यक्रमों में समुदाय की भागीदारी, विद्यालय प्रबंध समिति का गठन, प्रक्रिया एवं कार्य, बालिका शिक्षा में प्रेरकों की भूमिका, प्रभावी संवाद एवं संप्रेषण कौशल, टीम भावना, शिक्षा के लिए वातावरण निर्माण हेतु विशेष अभियान पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में गांव के प्रेरक शंभू लाल गुर्जर, महावीर सेन, श्यामलाल सुथार, सोनू शर्मा, नारायण लाल गुर्जर, देवा लाल गुर्जर, शिव लाल गुर्जर, पप्पू लाल गुर्जर, नवीन सेन,राजमल गुर्जर उपस्थित थे। अंत में प्रधानाचार्य लादूराम दाधीच ने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रेरकों का सक्रिय सहभागिता के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### भंवरासिया में विद्यार्थियों को निःशुल्क स्वेटर वितरण



**फतहनगर।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भंवरासिया में मंगलवार को मातृ संस्थान उदयपुर की ओर से विद्यालय के विद्यार्थियों को कड़ाके की सर्दी से बचाव के लिए निःशुल्क स्वेटर वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी इन्द्रलाल औदिच्य थे। संस्था प्रधान प्रवीण कुमार पालीवाल व शारीरिक शिक्षक जमना शंकर मेनारिया के सानिध्य में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण किए गए। विद्यालय के द्वारा भामाशाहों का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**आमेट ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजसमंद एवं सचिव संतोष अग्रवाल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजसमंद एवं अध्यक्ष विजय टांक ताल्लुका विधिक सेवा समिति आमेट के निर्देशानुसार मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन नगर के राजकीय सेठ तख्तमल कच्छारा अंग्रेजी माध्यम विधालय आमेट में किया गया। इस अवसर पर विधार्थियों को मानवाधिकार दिवस मनाने का उदेश्य, बालकों के अधिकार, निःशुल्क अनिवार्य शिक्षा,राष्ट्रीय लोक अदालत,निःशुल्क विधिक सहायता,मध्यस्थता कानुन आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### वानरराज की मौत पर ग्रामवासीयों ने किया हिन्दू रीति रिवाज से भावपूर्ण अंतिम संस्कार

**शंभूपुरा।** डूंगला उपखण्ड क्षेत्र के तलावदा गांव में अल सुबह ठंड लगने से एक वानरराज की दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी जानकारी ग्राम पंचायत बिलोट के सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह झाला को लगी तो उन्होंने सभी ग्रामीणों से मृत वानर की अंतिम संस्कार की बात कही जिस पर सभी तलावदा के ग्रामीणों ने डीजे की राम धुन पर वानरराज की डोल यात्रा निकालते हुए तलावदा गांव के शमशान घाट पर भावपूर्ण ओर हिन्दु रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सेकड़ो की संख्या में तलावदा के ग्रामीण मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को समारोह में सम्मानित करने से उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है- राकेश जागेटिया

## अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भीलवाड़ा ने पुलिस लाईन स्थित विद्यालय में किया प्रतिभाशाली बच्चों व शिक्षकों का सम्मान

**भीलवाड़ा (पुकार) ।** समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करने से उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है और वे नए गौरव हासिल करते हैं। यह बात अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भीलवाड़ा द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह मे क्लब के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश जागेटिया ने बतौर मुख्य आतिथी के रूप मे कही। जागेटिया ने कहा कि सबसे बड़ी बात बच्चों ने मेहनत की। इसके लिए आप सभी लक्की हैं. बच्चों की इस खुशी में सबसे अहम भूमिका अभिभावकों की रही। साथ ही बच्चों को गढ़ने में शिक्षकों का भी बहुत बड़ा योगदान है। इस दौरान जागेटिया द्वारा एक प्रेरक गीत सुनाते हुए छात्रों में नई ऊर्जा का संचार किया। इससे पुर्व स्वर्गीय रामजस सोडाणी स्मृति संस्थान भीलवाड़ा के सौजन्य से अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भीलवाड़ा द्वारा मानवाधिकार दिवस पर स्थानीय पुलिस लाईन भीलवाड़ा स्थित विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर छात्र छात्राओं व शिक्षकों का अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं क्लब के भीलवाड़ा जिला शिक्षा सचिव इन्दिरा डॉ. भागचन्द सोमानी ने बताया कि क्लब के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अशोक सोडाणी की अध्यक्षता, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश जागेटिया के मुख्य आतिथ्य तथा जिलाध्यक्ष डॉ. चेतना जागेटिया, जिला क्रीड़ा सचिव रेणु कोगटा, जिला परिवार समन्वय सचिव डॉ. राखी प्रमोद राठी व जिला समाज सेवा सचिव रामचन्द्र मून्दड़ा के विशिष्ट आतिथ्य में यह प्रतिभा सम्मान समारोह हर्ष उल्लास और आनन्दमय वातावरण में आयोजित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य फारूख मोहम्मद रंगरेज ने स्कूल की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। समारोह को क्लब के राष्ट्रीय महासचिव डॉ अशोक सोडानी ने भी सम्बोधित किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य फारूख मोहम्मद रंगरेज, उपाचार्य प्रतिभा पारीक, कपिला राठौड़, स्वाति शर्मा, प्रियंका जांगिड़, माला जोशी, राजेश शर्मा, सोनिया अग्रवाल, रश्मि शर्मा एवं सहित विद्यार्थियों मे चन्द्रभान सिंह, साक्षी, कीट्टू कंवर राठौड़, हिमांशी बावला, आयूषी साहू, प्रिन्स माली, कश्यपी व्यास, निकीता बुनकर, खूशबू कंवर राणावत, मनोज तिवाड़ी, कृष्णा माली, सूरज सेन, मनीषा कंवर, गोविन्द माली, वंशिका देवड़ा, निशा कंवर, चंचल माली, एंजेल सैनी का



सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ सोमानी ने क्लब की गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी अतिथियों एवं स्कूल प्रशासन का आभार व्यक्त किया। वर्ष 2024 में सरकारी विद्यालयों के पांच सौ प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया है।

## एस स्टीवर्ड मोरिस स्कूल ने मनाया 24वाँ स्थापना दिवस

### शिक्षा व संस्कारों को जीवन में उतारने से विद्यार्थी समाज के लिए समर्पित नागरिक बनते हैं- टाक



**भीलवाड़ा (पुकार) ।** शिक्षा के साथ संस्कारों को जीवन में उतारने से विद्यार्थी समाज के लिए सद्भावनापूर्ण, सभ्य, और समर्पित नागरिक बनते हैं। शिक्षा और संस्कार एक-दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा से विद्यार्थियों को नैतिक और सामाजिक मूल्यों की समझ आती है, जबकि संस्कारों से उनका व्यक्तित्व विकसित होता है। यह बात एस स्टीवर्ड मोरिस स्कूल निदेशक अमित टाक ने विद्यालय के 24वे स्थापना दिवस पर आयोजित स्थापना दिवस को सम्बोधित करते हुए कही। इससे पुर्व एस स्टीवर्ड मोरिस स्कूल की ईरास व पथिक नगर शाखा द्वारा विद्यालय का 24वाँ स्थापना दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी योगेश पारीक एवं राष्ट्रकवि योगेंद्र उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ छात्र- छात्राओं द्वारा विद्यालय की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा आयुषी पारीक द्वारा लिखित पुस्तक अमी का विमोचन किया गया। नवोदित लेखिका आयुषी ने अपने प्रथम काव्य संग्रह को विद्यालय को समर्पित करते हुए बताया कि विद्यालय के निदेशक अमित टाक के सहयोग और आशीर्वाद से ही वह इस कृति को मूर्तरूप दे पाई है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र ओरम त्रिपाठी एवं साक्षी त्रिपाठी का भी अभिनंदन किया जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किए तथा अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने की कुशलता अर्जित की। विद्यालय के स्थापना दिवस पर निदेशक अमित टाक एवं श्रीमती सपना टाक ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा के साथ संस्कारों को भी जीवन मे उतारने का संकल्प दिलवाया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी योगेश पारीक द्वारा विद्यालय के 24वें स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए अपने संबोधन में विद्यार्थियों को परिश्रम एवं एकाग्रचित्त होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रयास करने का संदेश दिया। राष्ट्रकवि योगेंद्र शर्मा द्वारा अपने उदबोधन में अपनी ओजस्वी काव्यपंक्तियों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया एवं विद्यालय की उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविरः गिरती प्रजातान्त्रिक व्यवस्था पर चिंतन जरूरी- डॉ.लोढ़ा



**फतहनगर (पुकार) ।** महावीर अम्बेश गुरू महाविद्यालय, फतहनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के तहत सत्र 2024-25 के तृतीय एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। अतिथियों का स्वागत उप प्राचार्य डॉ. शारदा जोशी द्वारा किया। शिविर के मुख्य वक्ता डॉ. संजय लोढ़ा सीनियर रिसर्च फेलो विकास अध्ययन संस्थान, जयपुर राजस्थान उच्च शिक्षा परिषद्, पूर्व सलाहकार महात्मा गॉधी राजकीय सामाजिक विज्ञान संस्थान रहे। उन्होने कहा कि स्वतन्त्रता,समानता, बन्धुत्वता के साथ चौथा स्तम्भ सामूहिक मानव अधिकारों पर प्रकाश डाला। साथ ही साथ गिरती हुई प्रजातान्त्रिक व्यवस्था पर चिंतन व्यक्त किया। उन्होने मतदान व्यवहार के व्यवहारिक पक्षो पर भी प्रकाश डाला। उन्होने पुरूष एवं महिला वर्ग के अधिकारो के साथ-साथ एल.जी.बी.टी.क्यू के अधिकारो की भी बात की। शिविर के विशिष्ट अतिथि सहायक आचार्य,राजकीय महाविद्यालय, मावली डॉ.नवीन चौधरी, वरिष्ठ एडवोकेट एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष न.पा. फतहनगर-सनवाड़ शैलेष पालीवाल, पूर्व प्रधानाचार्य मांगीलाल सांखला रहे। राजनीति विज्ञान व्याख्याता अमनाराम जयपाल के निर्देशन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मानव अधिकारो के हनन पर एक नाटिका प्रस्तुत की। मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर दिव्या नागदा तृतीय वर्ष वाणिज्य, द्वितीय स्थान पर मधु जोशी तृतीय वर्ष कला एवं तृतीय स्थान सेजल मेनारिया तृतीय वर्ष कला रहे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. ललित कुमावत ने बताया कि मजदूर किसान शक्ति संगठन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मानव के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। शिविर में समस्त संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोनिका जैन द्वारा किया। धन्यवाद ज्ञापित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी देवेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा किया गया। प्रोजेक्टर संचालन युगल किशोर शर्मा ने किया।

## आमेट ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव में युवा प्रतिभाओं ने दिखाई प्रतिभा



**आमेट ।** आमेट ब्लॉक का युवा महोत्सव पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमेट के सभागार में बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया । उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि तहसीलदार देवी लाल गर्ग थे ! तथा अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह चुण्डावत ने की । विशिष्ट अतिथि के रूप में एसीबीईओ रामावतार मीणा,भाजपा नगर अध्यक्ष राजेश पालीवाल, प्रधानाचार्य सुमन प्रकाश पालीवाल आदि थे । मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह चुण्डावत ने युवा महोत्सव के महत्व को प्रतिपादित किया। स्वागत उद्बोधन एसीबीईओ रामावतार मीणा ने दिया । मिडिया प्रकोष्ठ प्रभारी मुकेश वैष्णव ने बताया कि इसके बाद युवा महोत्सव में थिमेटिक प्रतियोगिता में विज्ञान व डिजिटल मेला के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामुहिक लोक गायन, सामुहिक लोकनृत्य,एकल लोक गायन,एकल लोक नृत्य,लाईफ स्किल के अन्तर्गत कविता पाठ, कहानी , लेखन, चित्रकला भाषण, युवा कृति के तहत हस्तकला की प्रतियोगिता आयोजित हुई । निर्णायक मुकेश वैष्णव, पारस जाट,मधुबाला शर्मा,राम नारायण सालवी, संजू शर्मा ,ओम प्रकाश आचार्य, यादराम खाती,भैरूलाल मेवाड़ा,सुनीता बुंदेला,निधि बटवाल, तेजश्वीनी शाकद्वीपीय आदि थे । संचालन राखी आर्य ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवी लाल खटीक,महावीर प्रसाद बघेरवाल, जगदीश नारायण, लोकेश कुमार मीणा, सद्दीक मोहम्मद, गजेन्द्र वर्मा, राधेश्याम आछेरा, मनोज शर्मा, जमना शंकर आमेटा, धर्मेंद्र शर्मा, रतन लाल जाट, राजाराम यादव,गोकुल राम बुनकर, पूजा शर्मा, उमाशंकर व्यास आदि मौजूद रहे । समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

# मावली ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों में बालिकाओं को साइकिलों का किया वितरण



**फतहनगर (पुकार) ।** राजकीय विद्यालयों में 9वीं कक्षाओं में अध्ययनरत बालिकाओं को मंगलवार को राज्य सरकार की योजना के अनुसार निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर साइकिलें प्रदान की गयी। साइकिलें पाकर बालिकाओं ने खुशी व्यक्त की। वे बालिकाएं सर्वाधिक प्रसन्न दिखी जो अपने घरों से दूर स्थित विद्यालयों में पैदल आती थी। साइकिलें मिलने के बाद उनको आवागमन में सुविधा रहेगी। फतहनगर के निकटवर्ती चंगेड़ी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की 30 बालिकाओं को समारोहपूर्वक साइकिलें प्रदान की गयी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सुमित्रा जाट,सरपंच प्रतिनिधि भगवतीलाल जाट,विधायक प्रतिनिधि गोवर्धनसिंह रावत, भामाशाह प्रेरक कमलाशंकर दाधीच,बद्रीलाल जाट,संस्था प्रधान मोहनलाल स्वर्णकार एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

सनवाड़ के रा.उ.मा.वि.में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान सुरेशचंद्र खटीक ने की जबकि मुख्य अतिथि पालिका उपाध्यक्ष नितिन सेठिया थे। महेश चंद्र पालीवाल,असलम खान, रक्षा जैन,कृष्ण माहेश्वरी, अंजू, पार्वती, पुष्पा, चंद्रप्रकाश दुग्गड़, जगदीश दास वैष्णव सुशीला जाट, कमलेश दाधीच द्वारा विद्यालय की 30 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार गहलोत द्वारा किया गया।

इसी प्रकार सांगवा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 9वीं कक्षा में अध्ययनरत 47 छात्राओं को निःशुष्क साइकिलें प्रदान की गयी। बताया गया कि अधिकांश छात्राओं के अभिभावक खेती-बाड़ी एवं मजदूरी का कार्य करते हैं जो उन्हें साइकिल दिलाने में सक्षम नहीं थे। डेढ़ से 2 किलोमीटर दूर से पैदल स्कूल आती थी बालिकाएं। यहां कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्रधानाचार्य कृष्णा गमेती ने की। मुख्य अतिथि वार्ड पंच रंभा बाई थे जबकि विशिष्ट अतिथि प्राध्यापक अरुण कुमार मोड, सविता झगड़ावत, हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स के संभाग आयुक्त गोपाल मेहता मेनारिया, अनामिका जोधा, कक्षा नवी के कक्षाध्यापक बबीता शुक्ला एवं राकेश धोलिया थे। शारीरिक शिक्षक भूमिका वसीटा ,अनूपसिंह जाट,पवन जाट एवं मनोहर लाल डांगी ने साइकिल वितरण में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर छात्राओं के अभिभावक एवं ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। उप प्रधानाचार्य कृष्णा गमेती ने बताया कि सांगवा के निकटवर्ती गांव गंदोली,खेराडी,देवाली, लिंबुआ, रेंहटावाला, लावातलाई, पालछ, पनवा आदि ग्रामीण क्षेत्र से करीब 25 छात्राएं प्रतिदिन पैदल या अभिभावकों का सहयोग लेकर विद्यालय आती-जाती थी। अधिकांश छात्राओं के अभिभावक खेती-बाड़ी एवं मजदूरी का कार्य करते हैं जो उन्हें साइकिल दिलाने में सक्षम नहीं थे लेकिन राज्य सरकार द्वारा साइकिल निःशुल्क दिए जाने से आसानी से विद्यालय आ जा सकेगी। साइकिलें पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों व ग्रामवासियों का आभार साइकिल वितरण प्रभारी राधा अहारी ने ज्ञापित किया। ईंटाली में एसडीएमसी व एसएमसी सदस्यों की उपस्थिति में 29 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। उक्त जानकारी संस्था प्रधान मनोज कुमार समदानी ने दी।

# वर्तमान में आधार कार्ड मुख्य जरूरत लेकिन उपखंड क्षेत्र में एक भी आधार सेंटर नही, छोटी छोटी कमियां अपडेट कराने के लिए दूर दराज जाने को मजबूर नगरवासी

**ऋषभदेव,(पुकार) ।** वर्तमान में आधार कार्ड हर कार्य की जरूरत बन चुका है। ऐसे में राशन हो, बैंक हो या फिर शिक्षा से जुड़े कार्य आदि के लिए आधार महत्वपूर्ण हो चला है। ऐसे में वर्तमान में छात्रावासों एवं स्कूलों में प्रवेश प्रिं या का कार्य चल रहा है और राशन में भी आधार केवाईसी की आवश्यकता होने से लोग आधार सेंटर पर चक्कर लगा रहे हैं। ऐसे में उदयपुर जिले के ऋषभदेव उपखंड क्षेत्र में आधार की मुख्य आवश्यकता होने के बाद भी पूरे उपखण्ड मुख्यालय में कही भी आधार सेंटर नही है ।

**उपखंड क्षेत्र में एक भी आधार सेंटर नही, आधार अपडेशन के लिए दूर दराज जाने को मजबूर**

इस समय पूरे ब्लॉक में एक भी आधार सेंटर नही है । कुछ महिने पूर्व तक ऋषभदेव एवं कागदर में प्राईवेट सेंटर पर आधार सेंटर संचालित किया जा रहा था, लेकिन शिकायतों के कारण इसका अनुबंध समाप्त हो जाने से क्षेत्र के लोगों को यह सुविधा मिलना भी बंद हो गई। अब लोगों को आधार कार्ड बनवाने या अपडेट करवाने के लिए 17 km दूर या तो दुसरे उपखण्ड में या 65 द्धद्ध दूर जिला मुख्यालय तक जाना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि ऋषभदेव उपखंड की शहरी व ग्रामीण आबादी लगभग दो लाख है। तहसील क्षेत्र में लगभग 125 राजस्व गांव एवं एक कस्बा शामिल है । इसके बावजूद छः महीने बाद भी यहां कोई आधार सेंटर चालू नहीं किया गया है। इतनी बड़ी आबादी में हर दिन सैंकड़ों लोगों को आधार सेंटर की जरूरत महसूस होती है। इसकी वजह है कि आधार कार्ड लगभग हर जगह अनिवार्य कर दिया गया है। चाहे मजदूर वर्ग हो या फिर नौकरी पेशा या स्कूली बच्चे। सभी के लिए आधार अनिवार्य कर दिया गया है, लेकिन ऋषभदेव ब्लाक में आधार कार्ड बनवाने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यहां के क्षेत्रवासी अच्छी खासी परेशानी उठा रहे हैं।

**लंबी कतार के कारण जिला मुख्यालय या दुसरे उपखंड में जाने पर भी नही हो रहे कार्य,लगाने पड़ रहे कई दिनो तक चक्कर**

दूसरे उपखंड या जिला मुख्यालय पर भी जाने पर अत्यधिक भीड़ के कारण कई घंटो लाइन में लगना पड़ता है कभी कभी अपडेशन का कार्य भी अत्यधिक भीड़ के कारण नही हो पाता है । ऐसे में वे अपने कार्य होने की उम्मीद में फिर से अगले दिन अपने बच्चों के साथ इस भीड़ में फिर से शामिल होने पहुंचते हैं। ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे, जिसके तहत छोटी छोटी कमियों में सुधार के लिए तीन तीन चार चार दिन तक लोग आधार सेंटर पर चक्कर लगा रहे है लेकिन आधार में अपडेट एवं नवीनीकरण का कार्य नही हो पा रहा है ।

# दोनों कांस्टेबल खतरे से बाहर, सियाराम पर जान से मारने के प्रयास का मामला दर्ज

**बेगू (पुकार) ।** स्थानीय थाने में सोमवार शाम एक गंभीर घटना सामने आई, जिसमें कांस्टेबल सियाराम ने अपनी साथी महिला कांस्टेबल पूनम पर गोली मारकर जानलेवा हमला किया। इसके बाद उन्होंने खुद को भी गोली मार ली।दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद चित्तौड़ से उदयपुर के गीतांजलि अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों की देखरेख में दोनों का उपचार जारी है और अब वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। मामले में बेगू थाना अधिकारी रविंद्र चारण ने जानकारी देते बताया कि



इस मामले में बेगू थाने के कांस्टेबल धर्मेंद्र मीणा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, सियाराम पर साथी महिला कांस्टेबल पर जानलेवा हमला करने और सरकारी पिस्टल से फायरिंग करने के आरोप में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 109 क्लोज वन और 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की सूचना मिलने पर दोनों के परिजन उदयपुर पहुंच चुके हैं। मामले की जांच जारी है और पुलिस घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने का प्रयास इधर घायल महिला कांस्टेबल बातचीत कर रही है जबकि घायल कांस्टेबल सियाराम के जबड़े में गोली लगने से वह बोल नहीं पा रहा है लेकिन लिखित में बातचीत कर रहा है।

# कंपकपाती ठंड ने बढाई परेशानी, शाम होतें ही बजारों में पसरा सन्नाटा

● बदला खानपान, गर्म कपडों की बढी खरीद, जगह-जगह अलाव का सहारा

**डूंगरपुर(पुकार)।** उत्तर भ्भारत में हो रही बारिश के चलतें उसका असर वागड़ धरा पर अपने तेवर दिखातें हुयें नित प्रतिदिन परवान को छु रहा है। विगत दो दिनों से बादल की ओट के साथ चल रही सर्द हवाओ ने वागड़ के लोगों की कंपकंपी छुड़ाई रखी है। वागड़वासियो को विगत दो दिवसों से कड़ी ठंड का सामना करना पड़ रहा है तो रात्रिकालिन में अपने गंतव्य स्थान को पहुँचने वाले लोग साधनों की प्रतिक्षा में अलावा तापते नज़र आते दिख रहे है। हालाँकि मंगलवार को सुर्योदय के साथ धुंध का असर दिखा था तो वही तेज हवाओं के साथ वातावरण में ठण्डक बनी रही। ठण्ड के बढ़ते असर ने बुजुर्गों के साथ साथ बच्चों के अभिभावकों के सिर पर सर्दी-जुकाम, बुखार आदि रोग होने की लकीरे खिंचे रखी है।


डूंगरपुर। बस स्टेंण्ड क्षेत्र में रात को सर्दी से बचाव के लियें अलाव का सहारा लेतें क्षैत्रवासी। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

सर्द हवाओं के कारण बाज़ारों मे विरानगी सा आलम समय से पुर्व होने लग रहा है तो वही फुटपाथ, अन्य स्थानों पर गुज़र बस्तर करने वाले लोग आलाव जलाकर ठंड से बचाव करने की जुगत में दिखायी दिये।

बदला रहन-सहन व खान-पानः- ठंड तथा सर्दी जुकाम से बचाव के लिए लोगों द्वारा अपने रोज़मर्रा कि दिनचर्या के साथ ही अपने रहन-सहन व खान-पान के साथ ही दिनचर्या में भी बदलाव किया जा रहा है। बच्चे स्कुल तथा घर सभी जगह गर्म कपड़ों के साथ तो बुजुर्गों ने गर्म कपड़ों के साथ महिलाओं द्वारा बनाये जाने वाले सर्दि के लड्डुओं का आनंद ले रहे है। गृहणियाँ अपने रसोई घर मे नविन व्यंजनो का मिश्रण कर परिजनों को परोस रही है।

# जैन का होंगा जयपुर में सम्मान


तहसीलदार शांतिलाल जैन।

**डूंगरपुर(पुकार)।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती महोत्सव का शुभारंम कार्यक्रम रत्नबाग जयपुर में राष्ट्रीय समता स्वतन्त्र मंच के द्वारा भारत नेपाल सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन एवं विचार प्रजेंटेशन का भव्य कार्यक्रम रखा गया है। जयन्ती महोत्सव कार्यक्रम में भारत की प्रतिष्ठा भारत की शक्ति भारत के पंचशील सिद्धान्तों पर चर्चा होगी। मध्यप्रदेश सरकार के कबिनेट मंत्री रविकरण साहू चैयरमेन, मध्यप्रदेश तेल घाणी बोर्ड मुख्य अतिथि होगें। मुख्य वक्ता महावीर प्रसाद टोरड़ी विशिष्ठ सलाहकार महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल होगें। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता शान्तिलाल जैन तहसीलदार तह.कार्यालय झाड़ोल उदयपुर को अटल सेवाश्री अवार्ड से विभूषित किया जायेगा।

मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट.वेस्ट लॉ फर्म काठमाण्डू नेपाल ने बताया कि अटल महोत्सव का समापन काठमाण्डों नेपाल में 25 दिसम्बर को होगा। समापन समारोह में 22 राष्ट्र सम्मलित होकर भारत-नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्न उत्थान है। भारत पुनःवैदिक कालीन जगत गुरू के आसन पर पद् स्थापित हो भारत को सुरक्षा परिषद में विटों पावर के साथ स्थाई सदस्यता मिले। अयोध्या को संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय बनाया जावें पर चर्चा होगी। 16 दिसम्बर को अटल जयन्ती महोत्सव में शान्तिलाल जैन का कर्म स्थती से विकास तक सेवा कार्यो का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर अटल सेवा श्री सम्मान के लिए चयन किया गया है।

# एक पेड़ मॉ के नाम पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजन

**डूॅगरपुर(पुकार)।** नेहरू युवा केन्द्र डूंगरपुर व युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तपस, शैक्षणिक संस्थान, में एक पेड़ मां के नाम विषय पर पेन्टींग प्रतियोगिता आयोजन किया। संस्थान के प्रभु नारायण यादव ने बताया की पर्यावरण संरक्षण के उदेश्य से प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत कर लोगों से अपनी मां के नाम से पेड़ लगाने का आग्रह किया। इस दौरान पर्यावरण


डूंगरपुर। पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते छात्राएं।-फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया की एक पेड़ मां के नाम विषय पर पेन्टिग प्रतियोगिता रखी गई। मनोज तम्बोली ने पर्यावरण को संतुलन बनाने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिसमें आकस्मिक आपदाओं से राहत मिले। संरक्षण पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई,जिसमें प्रथम स्थान डेविड़ पाटीदार, पुखराज तथा द्वितीय स्थान मान्या पंचाल, ऋषि शर्मा, तृतीय स्थान निराली दर्जी रही। विजेताओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया । प्रतियोगिता का संचालन मनीष द्वारा किया।

# प्रबोधक संघ ने सीडीईओ को सौपा ज्ञापन

**डूंगरपुर(पुकार)।** अखिल राजस्थान प्रबोधक शिक्षक संघ जिला शाखा डूंगरपुर ने अपनी विभिन्न मांगों के समाधान को लेकर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी नवीनचंद्र जैन को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष रविन्द्रसिंह ददोड़िया के नेतृत्व में सौपे ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2006 के बाद एवं 2013 से पूर्व नियुक्त प्रबोधकों की वेतन विसंगति संबंधित 8 जनवरी 2024 बीकानेर के आदेश अनुसार 15 जनवरी 2024 को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को एक ज्ञापन देकर इस संबंध में आदेश निकालने हेतु आग्रह किया था। आदेश अनुसार 9 फरवरी 2024 को कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर सूचना मांगी गई थी, जो प्रबोधक कार्मिकों द्वारा संबंधित सीबीईओ कार्यालय तक भिजवा दी गई थी, लेकिन अभी तक इसका किसी भी प्रकार का निराकरण नहीं हुआ है। इस समस्या के निराकरण हेतु एक कमेटी गठित कर उक्त समस्या का निराकरण करवाया जावे।

सौपे ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठ प्रबोधक हेतु पूर्व में आदेश निकाले गए थेए जिसके तहत कार्यालय द्वारा 15 जुलाई 2024 को पात्रता सूची जारी कर दी गई थी,लेकिन अभी तक वरिष्ठता सूची जारी नहीं हुई है। वरिष्ठता सूची जारी करवाने हेतु अनुरोध किया गया ताकि उन पद पर अन्य अधिशेष प्रबोधको का समायोजन हो सके। साथ ही वर्तमान में माध्यमिक एवं महात्मा गांधी विद्यालयों में लगे प्रबोधकों के समायोजन की कार्यवाही चल रही है। वहीं प्रबोधकों का केडर अलग होने के कारण समायोजन में समस्या आ सकती है, इस समस्या के समाधान हेतु उन्हें उन्हीं विद्यालयो में पद सृजित कर समायोजित किया जावे, जहां वो वर्तमान में कार्यरत है। साथ ही जो वरिष्ठ प्रबोधक प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत हैं उनका उच्च प्राथमिक विद्यालय में समायोजन किया जावे और प्रबोधक शारीरिक शिक्षकों के समायोजन में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 105 बालकों के नामांकन की बाध्यता को ना देखते हुए उन्हें उससे कम नामांकन के विद्यालयो में नियुक्त किया जावे।

प्रतिनिधि मंडल में आशीष चौबीसा, अनिल उपाध्याय, उमेश त्रिवेदी, हरिश चौबीसा, जसवंतसिंह राठौड़, महेन्द्रसिंह चौहान, हितेश मेहता, सुधीर शर्मा, गणपतसिंह राव, गजेन्द्र कुमार भोई सम्मिलित थे।


डूंगरपुर। सीडीईओ को प्रबोधक संघ द्वारा अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन सौपते। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

# ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव संपन्न

**डूंगरपुर(पुकार)।** डूंगरपुर ब्लॉक के महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय माथुगामड़ा पाल में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इसमें ब्लॉक की सभी पंचायतों के 15 से 29 वर्ष के प्रतिभागियों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी। प्रारंभ में आयोजक विद्यालय की प्रधानाचार्या पायल शर्मा ने स्वागत भाषण दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता बंशीलाल कटारा थे। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या अति विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विमल साद ने प्रतिभागियों को युवा महोत्सव के निर्देश एवं विभाग के प्रयासों से अवगत कराते हुए कहा कि युवाओं के लिए यह शानदार अवसर है और प्रतिभाओ को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम का अति विशिष्ट आतिथ्य मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी नवीनप्रकाश जैन तथा विशिष्ट आतिथ्य मंडल महामंत्री महेश पाटीदार,बाबूलाल कटारा, लक्ष्मण कटारा,बद्रीप्रसाद कटारा ने किया। इस दौरान थिमेटिक विज्ञान मेला अंतर्गत गतिविधि में प्रथम स्थान दीवानी कटाराए सामूहिक लोक नृत्य में प्रथम स्थान सोना एवं दल माथुगामड़ा पाल तथा द्वितीय प्रियांशी पाटीदार खेड़ा कच्छवासा व दल एवं तृतीय स्थान टिवंकल बरंडा एवं दल माडा ने प्राप्त किया। एकल नृत्य में प्रथम माहेनूर शाह,द्वितीय सानिया कोटेड़ एवं तृतीय दिव्यानी प्रजापत रही। सामूहिक लोक गायन में जयेश एवं दल प्रथम, सोनल परमार एवं दल द्वितीय, अरुणा गमेती एवं दल तृतीय रहे। एकल लोक गीत में प्रथम काजल ढ़ोली,द्वितीय हिना त्रिवेदी, तृतीय रोशनिका पटेल रही। चित्रकला प्रतियोगिता में दीपिका कटारा प्रथम, भावना बरंडा द्वितीय एवं वंशिका कटारा तृतीय रही।



डूंगरपुर। माथुगामड़ा पाल में युवा महोत्सव के दौरान सम्बोधित करते अतिथि।-फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

# सफाई निरिक्षण एवं कार्यो में प्रगति को लेकर सभापति स्वयं बने टीम कप्तान

● वार्डो में पंहुच ली सफाई कार्यो की टोंह

●स्वच्छता में डूंगरपुर को फिर से सिरमौर बनाना ही लक्ष्य-सभापति

**डूंगरपुर(पुकार)।** प्रदेश में स्वच्छता में सिरमौर बनकर प्रदेश के अन्य निकायों के लिये उदाहरण बन चुकी नगरपरिषद डूंगरपुर लगातार अपने विजय रथ को साधने के प्रयासों में लग चुकी हैं। स्वच्छता में सिरमौर बननें के लक्ष्य का भेदने के लिये परिषद के कार्मिक एवं पार्षद अब कमर कस चुके हैं जिसकी कप्तानी स्वयं परिषद के सभापति अमृत कलासुआ कर रहें हैं।

सभापति एवं स्वच्छता कमेटी की टीम ने वार्ड नं 6, 7 और 17 में मंगलवार को सभापति अमृत कलासुआ के नेतृत्व में औचक निरीक्षण कर शहर की सफाई और विद्युत व्यवस्था को देखा। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इस कार्य में कोई भी कर्मचारी कोताही बरतेगा उस पर विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। सभापति ने कार्मिको को निर्देश देतें हुयें वार्ड में जहां लाइटे बंद है वहां जल्द ही ठीक करने के लिए संबंधित अधिकारी को कहा। सभापति के निर्देशों पर सफाई शाखा के निरीक्षक रामसिंह राजावत ने जमादारों के साथ सफाई व्यवस्था के साथ सड़क पर अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद मोहनलाल यादव, डायालाल पाटीदार, जितेंद्र भोई, अशोक चौबीसा, फरजाना और परिषद् से सफाई निरीक्षक राम सिंह राजावत एवं उनकी पूरी टीम मौजूद रहें।


डूंगरपुर। शहर के भीतरी भागों के वार्डो में सफाई व्यवस्थाओं को देखकर दिशा-निर्देश देते सभापति कलासुआ। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

# राज्य सरकार के एक वर्ष की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली विविध कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा कर निर्देश दिए। जिला परिषद के ईडीपी सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर सिंह ने रन फॉर विकसित राजस्थान, युवा रोजगार उत्सव, किसान सम्मेलन, महिला सम्मेलन, अंत्योदय शिविर,राजस्थान से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों की विभाग भर की गई तैयारी की समीक्षा करते हुए सुचारू संपादन के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर सिंह ने बताया कि 12 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन शहीद स्मारक पार्क से प्रारंभ हो कर लक्ष्मण मैदान में समापन होगा। इसके लिए नगरपरिषद आयुक्त को अल्पाहार, पेयजल सहित आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए है। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मार्ग में चिकित्सा हेल्प-डेस्क लगाने के निर्देश दिए है। इसके पश्चात् प्रातः 11 बजे से दोपहर 12.40 बजे तक ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले युवा सम्मेलन, रोजगार के कार्यक्रम में राजस्थान से लाइव प्रसारण होने वाले कार्यक्रम नियुक्ति पत्रों का वितरण, व्यवसायिक टूल किट का वितरण, छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण तथा साईकिल वितरण तथा जिला स्तरीय कार्यक्रम क्या आयोजन को लेकर निर्देश प्रदान किए।

# सीमलवाड़ा ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव संपन्न

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीठ में एक दिवसीय सीमलवाड़ा ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया । महोत्सव में मुख्य अतिथि सीमलवाड़ा के प्रधान कारीलाल ननोमा, अध्यक्ष उपखंड अधिकारी कपिल कुमार कोठारी, विशिष्ट अथिति गोविंद लाल पाटीदार, गोवर्धन लाल डेचिया, देवीसिंह लबाना, कुंदन सिंह चौहान, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कुमार डामोर एवं एसीबीईओ धनपाल भोई, मनोज कलाल, पीइईओ अजीत कुमार जैन, अनिल मिश्र, रतनसीह, नागेंद्र सिंह चौहा, अब्दुल गफूर शेख, अब्दुल रज्जाक की उपस्थिति में राजस्थान युवा महोत्सव2024 कोआयोजित की गया। जिसमें विभिन्न प्रतिभाओं के कौशलता हेतु 15 से 29 वर्ष के ब्लॉक के 404 बालक बालिकाओं हिस्सा लिया। जिसमें एकल गीतएगान डांस, सामूहिक गान, डांस, कविता, पेंटिंग, फोटोग्राफी, राजस्थान की छिपी हुई कलाओं के बारे, विषय वस्तु आधारित चर्चा आदि पर अलग अगल इवेंटो पर अपनी प्रस्तुतियां एवं कौशलता प्रतिभा को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन पीयूष जैन द्वारा किया गया।

सोलो फोक सांग में हिना कुमारी डामोर, सुमैया सुई, मरियम सुई, सामूहिक लोक गीत में अतिफा बंगा, वर्ली पंचाल, आयशा शेख, विषय वस्तु आधारित में जगदीश डामोर, समूह लोक नृत्य में खुशी और दल, भारती और दल, एकल लोक नृत्य में निधि लोहार, हिनल ढोली ओर कुलदीप गुर्जर, कविता में निशा नाई, जयेश वाला डामोर,

जयेश उदयलाल डामोर, कहानी में कोकिला भगोर, विक्रम, जितेंद्र डामोर, चित्रकला में गुलाब डामोर, कामाक्षी दर्जी, रेखा कुमारी, भाषण में मितेश कुमार डामोर, हस्त कला में मेघा शर्मा विजेता रही।


सीमलवाड़ा। ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव में विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथि। गुणवंत कलाल

# धंबोला में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 22 से होगी प्रारंभ

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** धंबोला कस्बे में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 22 दिसंबर से आरंभ होगी। मुख्य यजमान कन्हैया लाल पंड्या पुत्र महेंद्र प्रसाद पंड्या निवासी धंबोला ने जानकारी देते हुए बताया कि धंबोला कस्बे के लक्ष्मी नारायण मंदिर वाटिका में 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा। जिसमें बड़ौदा के बृजेश कुमार शास्त्री कथा का वाचन करेंगे। जिसमें रोजाना दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक कथा होगी। वही पहले दिन 22 दिसंबर को मुख्य यजमान के घर से पोथी यात्रा निकलेगी जो कि कथा स्थल पहुंचेगी जहां कथा मर्मज्ञ बृजेश कुमार शास्त्री का स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। जिसके बाद दोपहर 2 बजे से कथा होगी। वहीं दूसरे दिन 23 दिसंबर को महाभारत प्रसंग, तीसरे दिन नृसिंह अवतार चरित्र कथा, चौथे दिन वामन चरित्र, राम चरित्र एवं नंद महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वही पांचवें दिन कृष्ण लीला और गोवर्धन पूजा की कथा, छठे दिन रुक्मणी विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वहीं अंतिम दिन 28 दिसंबर को सुदामा चरित्र वर्णन होगा।


बृजेश कुमार शास्त्री कथा मर्मज्ञ

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बैठक सम्पन्न, निकाली रैली



डूंगरपुर। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत उपर गांव में रैली निकालते।-फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान बैठक ग्राम पंचायत ऊपरगांव में चौराहा पर रखी गई। जिसमें गांव के सभी बुजुर्ग युवा एवं माता एवं बहिने उपस्थित रही और सभी गांव के जागरूक नागरिक मशाल यात्रा निकाली गई बालिका मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी वह विकलांग वह वृद्धा पेंशन के बारे में भी बताया गया।

मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर सचिव, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कुलदीप सूत्रकार, सृष्टि सेवा समिति डूंगरपुर जिला समंनव्यक सुरेन्द्र ढ़ोली, सृष्टि फाऊंडेशन ब्लॉक कॉर्डिनेटर कमलेश यादव नेजपुर, सृष्टि फाऊंडेशन ब्लॉक कॉर्डिनेटर कल्पेश यादव उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# रूकवाया बाल विवाह, परिजनों को किया पाबंद

**डूंगरपुर(पुकार)।** सदस्य सचिव रालसा, जयपुर के तत्वावधान में व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर के अध्यक्ष सुनील कुमार पंचोली के द्वारा प्रदान किये गये निर्देशों की पालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर द्वारा जिले में एक बाल विवाह को तत्काल कार्यवाही करते हुए रूकवाया गया।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर कुलदीप सूत्रकार ने बताया कि मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, महारावलए डूंगरपुर में विधिक जागरूकता शिविर कर जिला कारागृह डूंगरपुर की ओर जाते समय चाईल्ड हेल्प लाईन, डूंगरपुर से सूचना मिली कि गणेशपुर निवासी एक नाबालिग बालिका का विवाह होने जा रहा है, इस पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर द्वारा मामले से अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,डूंगरपुर को अवगत कराया। जिन्होने तत्परता से नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर द्वारा उपखण्ड़ अधिकारी एवं तहसीलदार को पत्र लिखकर तत्काल कार्यवाही करने अवगत कराया साथ ही दूरभाष पर भी जानकारी प्रदान की तथा सृष्टि सेवा समिति, डूंगरपुर के लीगल ऑफिसर सुरेन्द्र ढोली द्वारा भी आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए संबंधित तहसीलदार योगेन्द्र वैष्णव,चाईल्ड लाईन के सदस्यों पुलिस थाना दोवड़ा के जाप्ता सहित मौके पर पहुचें तथा मौके पर जॉच की जाने पर बालिका नाबालिग पाई गई तथा घर के बाहर शुभ विवाह व मण्ड़प आदि का उल्लेख किया जाकर विवाह की तैयारिया चल रही थी,जिनके परिजनों को बालविवाह के दुष्परिणाम बताकर बालिका के बालिग होने पर ही विवाह करने एवं उसे शिक्षा से जोड़े जाने हेतु पाबंद किया।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन 15 दिसंबर से

**सीएससी और पीएचसी पर लगाए जाएंगे स्वास्थ्य शिविर**

**डूंगरपुर(पुकार)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग गांव.गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करना करने के उद्देश्य से जिला सहित प्रदेशभर में सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजित करेगा। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर दिनांक 15 दिसंबर से 31 जनवरी 2025 तक तीन चरणों में किया जाएगा। जिसमे प्रथम चरण के दौरान समस्त पीएचसी व सीएचसी पर शिविर द्वितीय चरण में फॉलोअप शिविर जो कि पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होगा व तृतीय चरण में रेफरल शिवहर जिला मुख्यालय पर आयोजित होगा

जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने इस संबंध में बैठक में चिकित्सा विभागए आयुर्वेद विभागए, महिला एवं बाल विकास विभागए पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के अधिकारियों को व्यवस्था सुनिश्चित करने के करने के निर्देश दिए है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अलंकार गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर की तैयारियों की सफलता के लिए सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 15 दिसंबर से 31 जनवरी 2025 तक सभी पीएचसी व सीएचसी में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में 37 प्रकार की जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध होगी।

डॉ गुप्ता ने बताया कि पूरे प्रदेश में होने वाले इस आयोजन को लेकर दिशा निर्देश मिले हैं। इन शिविरों में आयुष पद्धति से भी उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं जरूरत के हिसाब से विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा टेली कंसल्टेशन से रोगियों को लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच बच्चों का टीकाकरणए डायबिटीज हाइपरटेंशनए कैंसर व अंधता के रोगियों की स्क्रीनिंग की सुविधा होगी। वहीं जरूरत पर रोगी को शिविर से एंबुलेंस की मदद से चिकित्सा संस्थान में जाकर उपचार भी करवाया जाएगा।

सीएमएचओ ने कहा कि शिविरों में अधिकाधिक जनभागीदारी के लिए आशा सहयोगिनीए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, एएनएम, सीएचओ द्वारा शिविरों की जानकारी आमजन को उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही आमजन को स्वास्थ्य जांच हेतु शिविरों में आने के लिए प्रेरित किया जाएगा। राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के निर्देशानुसार शिविरों के दौरान आयुष्मान कार्ड वितरण, ई.केवाईसी का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन 15 दिसम्बरए 2024 से 31 जनवरी 2025 तक सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जाएगा।

# आज रहेंगी विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**डूंगरपुर(पुकार)।** शहर में रखरखाव कार्य के चलते 11 केवी रेल्वे फीडर के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र रेल्वे घांटी, राजपुर बस्ती, प्रताप नगर, 100 फीट रोड़ आदि एवं इस फिढर से जुडे आस-पास के क्षेत्रो में बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी शहर सहायक अभियंता ने दी।

# पंचायत समिति डूंगरपुर की विशेष साधारण सभा की बैठक 13 को

**डूंगरपुर (पुकार)।** पंचायत समिति डूंगरपुर की विशेष साधारण सभा की बैठक प्रधान कांता देवी कोटेड़ की अध्यक्षता में 13 दिसम्बर को प्रातः11 बजे पंचायत समिति सभागार डूंगरपुर में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी विकास अधिकारी डूंगरपुर प्रवीणसिंह राव ने दी।

# एसएमसी व एसडीएमसी प्रशिक्षण संपन्न

**डूंगरपुर(पुकार)।** ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांकरादरा में एसएमसी व एसडीएमसी का दो दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीईईओ लालशंकर बरंडा ने की।

उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत शिक्षक का सतत मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग मिले तो बालकों का सर्वांगीण विकास होता है। प्रशिक्षण में केआरपी ममता यादव व दिनेश बरंडा ने शैक्षिक नामांकन, ठहराव उपस्थिति, वित्तीय नियम, लेखा प्रक्रिया, सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम, विद्यालय विकास योजना निर्माण एवं एसएमसी एसडीएमसी का योगदान, शैक्षिक उपलब्धि, ज्ञान संकल्प पोर्टल, समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम, एसएमसी एवं एसडीएमसी के कर्तव्य एवं भूमिका की महत्ता बताई। कार्यक्रम में कौशिक बरंडा, कांजी परमार,एसएमसी सदस्य हिम्मतलाल बरंडा, मणिलाल कोटेड, गीता देवी, विजयपाल विहात व रणछोड़लाल कटारा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विनय साद ने किया।

# 1.80 लाख से ज्यादा लोगों ने नहीं करवाई ई-केवाईसी

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना,1 जनवरी से सूची से हट जाएगा नाम**

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ ले रहे 1 लाख 80 हजार से ज्यादा लोगों ने अपनी ई-केवाईसी नहीं करवाई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने ऐसे लोगों को 31 दिसंबर तक समय दिया है। वहीं, इस अवधि तक ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले लोगों का नाम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सूची से काट दिया जाएगा। उन्हें खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित होना पडेगा।

रसद विभाग के निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल लोगों की ई-केवाईसी करवाने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत अगस्तए सितंबरए अक्टूबर, नवंबर के बाद अब एक बार फिर डेट बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दिया गया है। निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया की डूंगरपुर जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में 2 लाख 87 हजार 469 राशन कार्ड के 11 लाख 82 हजार 301 लोग शामिल हैं। इसमें से अभी तक 2 लाख 80 हजार 615 राशन कार्ड के 10 लाख 2 हजार 19 लोगों ने अपनी ई.केवाईसी करवा ली हैए लेकिन 6 हजार 854 राशन कार्ड परिवारों के 1 लाख 80 हजार 282 लोगों की ई-केवाइसी पेंडिंग चल रही है। विभाग ने ई-केवाईसी के लिए पेंडिंग चल रहे लोगों को 31 दिसंबर 2024 तक का समय दिया है। वहीं, इस अवधि तक ई केवाईसी नहीं करवाने वाले लोगो का नाम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सूची से काट दिया जाएगा और उन्हें खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित होना पड़ेगा।

संक्षिप्त समाचार

## बांग्लादेश मे सनातनियो की रक्षार्थ इस्कॉन मन्दिर मे नृसिंह महायज्ञ हुआ




उदयपुर (पुकार)। गंगूकुण्ड स्थित इस्कॉन मन्दिर मे मंगलवार को सायंकाल वैष्णव भक्तो ने नृसिंह महायज्ञ किया। इस्कॉन अध्यक्ष मायापुर वासी ने बताया कि गत कुछ समय से बांग्लादेश मे हिन्दुओ सनातनियो को और इस्कॉन मन्दिर व पुजारियो को टार्गेट करके तोडफोड आगजनी हत्या लूटपाट व्यभिचार बलात्कार जैसी घटनाऐ निरन्तर बढती जा रही है। भारत मे इसका जबरदस्त विरोध भी हो रहा है।उसी क्रम मे उन सभी सनातनी इस्कॉन की रक्षार्थ एंव शान्ति की कामना के लिए वृन्दावन के गोपेन्द्र कृष्ण महाराज के नेतृत्व मे इस्कॉन मन्दिर मे भगवान नृसिंह महायज्ञ का आयोजन किया। जिसमे माताओ ने भी बढचढ कर आहुति दी। इससे पूर्व प्रातः ग्यारह बजे उदयपुर सर्व समाज के साथ सन्त महन्तो के नेतृत्व मे इस्कॉन अध्यक्ष मायापुर वासी तथा सैकड़ो भक्तो के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर माननीया राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन दिया।

## बीएन शिक्षा संकाय में मानवाधिकार दिवस मनाया



उदयपुर (पुकार)। भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया गया। शिक्षा संकाय अधिष्ठाता प्रो शशि चित्तौड़ा ने संकाय प्रशिक्षणार्थियों को मानवाधिकार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारिया प्रदान की। विद्यार्थियों को मानवाधिकार संरक्षण के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। विभिन्न अधिकारों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इन अधिकारों को प्राप्त करने के लिए सर्वप्रथम अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। कर्नल प्रो शिव सिंह सारंगदेवोत, कार्यवाहक अध्यक्ष बीएन विश्वविद्यालय, डॉ महेंद्र सिंह आगरिया मंत्री विद्या प्रचारिणी सभा, मोहब्बत सिंह राठौड़ प्रबंध निदेशक भूपाल नोबल्स संस्थान, डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड़ कुलसचिव बीएन विश्वविद्यालय, राजेंद्र सिंह राणावत अध्यक्ष शिक्षा संकाय बीएन विश्वविद्यालय ने इस दिवस पर छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। कार्यक्रम में डॉ सीमा शर्मा, डॉ खुशबू कुमावत तथा संकाय के सभी सदस्य उपस्थित रहे। आज के दिन दिए जाने वाले नोबल पुरस्कारों की भी जानकारी दी गई।

## वन शाला शिविर अभि विन्यास कार्यक्रम




उदयपुर (पुकार)। विद्या भवन गांधी शिक्षा अध्ययन संस्थान का वन शाला शिविर पाली जिले में स्थित सोनाणा खेतलाजी में आयोजित किया जाएगा दिनांक 17 दिसंबर से शिविर प्रारंभ होगा शिविर अभिन्यास कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को वन शाला शिविर का परिचय उद्देश्य के बारे में प्राचार्य जी डॉ भगवती अहीर ने शिविर के मुख्य उद्देश्य स्थानीय वातावरण एवं समुदाय का अध्ययन करना स्वयं समाज एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनना हम की भावना का विकास करना आयोजन कला एवं संवर्धन नेतृत्व करना श्रम के प्रति निष्ठा सामाजिक जागरूकता आदि का विकास करना कार्यक्रम संयोजक डॉ सुषमा इनटोदिया ने शिविर में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी सहसंयोजक डॉ हेमंत त्रिवेदी ने शिविर व्यवस्था संबंधी जानकारी प्रदान की।

## श्री झूलेलाल सेवा समिति द्वारा एमबी अस्पताल में 20 बेंच भेंट




उदयपुर (पुकार)। श्री झूलेलाल सेवा समिति, उदयपुर के अध्यक्ष प्रताप राय चुघ के नेतृत्व में एमबी अस्पताल के अधीक्षक डॉ आर एल सुमन की उपस्थिति में रोगियों के बैठने हेतु 20 बेंचे भेंट की। कार्यक्रम में डॉ आर एल सुमन, डॉ ए के बैरवा,न्यू बहिरंग विभाग प्रभारी हेमंत आमेटा, नरेश पूर्बिया, सज्जन राठौड़, रमेश पंजाबी, भगवान दास छाबड़ा ,राजेश चुघ, भारत खत्री, अशोक पाहुजा ,किशन आहूजा, गोपाल मेहता, मनोहर मुखिया ,खान चंद मगवानी , सुनीता, तारा माली, मंजू लोढ़ा, शीला, कैलाश चौधरी, रेखा उपस्थित थे।

## एक दूसरे के मानव अधिकारों की रक्षा करना भी हमारा दायित्व

उदयपुर (पुकार)। मानव अधिकार दिवस हम सब के लिये महत्वपूर्ण अवसर हैं जब हम सभी मानवों के उन अधिकारों को याद करतें हैं जो हमें जन्मजात मिले है एवं एक दूसरे के मानव अधिकारों की रक्षा करना भी एक दूसरे का दायित्व है। ये अधिकार हमें समानता, स्वतंत्रता और सम्मान का जीवन जीने का अधिकार देते है। ये उद्बोधन संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने पशुपालन डिप्लोमा के विद्यार्थियों को मानवाधिकार दिवस पर संबोधित करते हुए दिये। डॉ. छंगाणी ने कहा कि मानव अधिकार हमें सभ्य समाज बनाने में मदद करते है क्योंकि जब हम एक दूसरे के अधिकारों का सम्मान करते है तो हम सब मिलकर एक शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज का निर्माण करते है।

## सर्दी में एनिमल प्रोटेक्शन सोसाइटी की पहल, श्वानों और दूसरे पशुओं को सर्दी से बचाने की

उदयपुर (पुकार)। सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है इस मौसम में श्वानो और दूसरे पशुओं को भी सर्दी लगती है। एनिमल प्रोटेक्शन सोसाइटी उदयपुर में विभिन्न स्थानों पर श्वानो , दूसरे पशुओं और उनके बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए बोरी से बने हुए बिस्तर लगा रही है। संस्था की संस्थापिका डॉ माला मड्डा बताती है कि यह मुहीम वह लगभग पिछले 10 सालों से चला रही है और जनता से भी निवेदन करती है कि अपने आस पास रहने वाले श्वानो और दूसरे पशुओ के लिए सर्दी से राहत के लिए पुराने कपडे ,कम्बल या बोरी बिछा दे।

### राष्ट्रीय संगठन कैट विमेन विंग उदयपुर की कार्यकारिणी घोषित

# सपनों की नई उड़ान कैट के संग-बिजनेस एवं प्रोफेशनल विमेन को मिलेगी नई पहचान : विजयलक्ष्मी गलूंडिया




उदयपुर (पुकार)। राष्ट्रीय संगठन "कैट" (कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) विमेन विंग उदयपुर की जनरल मीटिंग ओरिएंटल पैलेस रिसॉर्ट में आयोजित हुई जिसमें कैट विमेन विंग उदयपुर उदयपुर की कार्यकारिणी एवं कमेटीयों की घोषणा की गई। कैट विमेन विंग अध्यक्ष एवं रीजनल कोऑर्डिनेटर विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय सचिव एवं नई दिल्ली सांसद प्रवीण खंडेलवाल,कैट विमेन विंग नेशनल कॉर्डिनेटर ऋचा चंद्रा, नेशनल काउंसिल विमेन विंग रुचि प्रभाकर, स्टेट कार्यकारी अध्यक्ष मनोज गोयल, स्टेट कॉर्डिनेटर चारु अग्रवाल एवं उदयपुर कोऑर्डिनेटर सुमन गोयल ने विजयलक्ष्मी गलूंडिया को जयपुर में आयोजित स्टेट कन्वेंशन में रीजनल कोऑर्डिनेटर एवं कैट विमेन विंग अध्यक्ष के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कैट विमेन विंग अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने स्वागत करते हुए कैट के उद्देश्य एवं उसकी गतिविधियों पर प्रकाश डाला एवं बताया कि कैट की स्थापना 1990 में भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने बिजनेस एंड प्रोफेशन को बढ़ावा देने के लिए की और वर्तमान में 9 करोड़ व्यापारी एवं व्यवसाय इसके मेंबर है। महिला व्यापारियों, व्यवसायियों एवं जो महिला स्वयं स्टार्ट अप करना चाहती है उसके लिए कैट वीं विंग है। कैट विमेन विंग उदयपुर की कार्यकारिणी की घोषणा की गइह्यर्ह्य जिसमें उपाध्यक्ष पद पर रेखा सोनी, श्रद्धा गट्टानी, तारिका भानु प्रताप सिंह,सचिव पद पर डॉ सोनू जैन,एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी प्रीति सोगानी, सह सचिव नैना जैन,नमिता कोठारी, सोनल बोल्या, कोषाध्यक्ष कविता बल्दवा, एडिटर ममता धूपिया सह कोऑर्डिनेटर अनीता भानावत मनोनीत हुई। साथ ही कमेटीयों की भी घोषणा की गई जिसमें डिजिटल एवं बिजनेस प्रमोशन डायरेक्टर आयुषी गांग, कोऑर्डिनेटर चयनिका गलूंडिया,सह कोऑर्डिनेटर रुचि चोरड़िया, ग्राफिक कन्वीनर तृप्ति बलदवा, कोऑर्डिनेटर हिमांशी मेहता, मेंबरशिप एंगेजमेंट एवं नोलेज शेयरिंग डायरेक्टर सीमा सिंह कोऑर्डिनेटर विभा जैन, सह कोऑर्डिनेटर कूकू लखारी, पब्लिक इमेज डायरेक्टर मधु सरीन, कोऑर्डिनेटर राजकुमारी गांधी, सह कोऑर्डिनेटर बृजराज राठौर, गवर्नमेंट लाइजनिंग डायरेक्टर उर्मिला जैन कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या सिंह, सह कोऑर्डिनेटर निवेदिता, बिजनेस प्रेजेंटेशन डायरेक्टर कविता श्रीवास्तव, कोऑर्डिनेटर नीलम दुबे, सह कॉर्डिनेटर मीनाक्षी बड़ौतियां, मीटिंग डायरेक्टर नवनीत कौर छाबड़ा, कोऑर्डिनेटर सोनम कालरा, कोऑर्डिनेटर योगिनी द क, स्किल डेवलपमेंट डायरेक्टर सुषमा कुमावत कोऑर्डिनेटर संगीता मूंधड़ा , सह कोऑर्डिनेटर ज्योत्सना जैन, इवेंट समिति डायरेक्टर दीपमाला मेवाड़ा कोऑर्डिनेटर प्रीति चपलोत सह कोऑर्डिनेटर सुमित्रा सिंघवी, ग्रूमिंग डायरेक्टर डॉ स्वीटी छाबड़ा, कोऑर्डिनेटर आकृति मलिक, सह कोऑर्डिनेटर नीतू तलदार, मेंबरशिप ग्रोथ डायरेक्टर लीना जयसवाल, कोऑर्डिनेटर रेणु बांठिया, सह कोऑर्डिनेटर ललिता सियाल, फिटनेस डायेक्टर डॉ गुनीत मोंगा, कोऑर्डिनेटर डॉ आकांशा त्रिपाठी, सह कोऑर्डिनेटर डॉ निधि जैन, बी टू बी एवं बी टू सी डायरेक्टर प्रीति काकानी , कोऑर्डिनेटर पायल कोठारी, सह कॉर्डिनेटर रेखा सिंघवी, टूर डायरेक्टर मंजुला गेलडा, कोऑर्डिनेटर कुसुम मेहता,सह कोऑर्डिनेटर वंदना मुथा, फेलिशिटेशन डायरेक्टर निर्मला सोनी,कोऑर्डिनेटर उर्मी वरलानी एवं सह कोऑर्डिनेटर नेहा जैन, फोकस ग्रुप डायरेक्टर अनिमा गोस्वामी, कोऑर्डिनेटर डॉ बलदीप कौर, सह कोऑर्डिनेटर श्वेता नैनावटी, फाइनेंशियल लिटरेसी डायरेक्टर जसमीत कौर, कॉर्डिनेटर प्रीति सिरोया, सह कॉर्डिनेटर शालिनी भटनागर मनोनीत हुई। इस अवसर पर सक्सेस स्टोरी ऑफ सक्सेसफुल बिजनेस वूमेन - फ्रॉम विसन टू विक्ट्री में ओरिएंटल पैलेस डायरेक्टर ने बिजनेस में सफलता के गुर बताए साथ ही इस बात पर जोर दिया कि महिला कितनी भी आगे बढ़ जाए लेकिन उसके लिए परिवार पहली प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि आप जो दोगे वो पाओगे। स्वागत अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने किया, धन्यवाद सचिव डॉ सोनू जैन ने ज्ञापित किया, सफल संचालन एंकर मीनल जैन ने किया।

### तारा संस्थान के माँ द्रौपदी देवी आनन्द वृद्धाश्रम में हुआ आयोजन

## मानवाधिकार दिवस पर न्यायाधीश ने वृद्धाश्रम बुजुर्गों को उनके मानवाधिकारों के बारे में बताया



उदयपुर (पुकार)। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर माँ द्रौपदी देवी आनन्द वृद्धाश्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राष्ट्रीय महिला जागृति मंच - ह्यूमन राइट्स सेल, और जिला न्यायालय परिसर की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायाधीश कुलदीप शर्मा ने मानवाधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला और इसके विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि मानवाधिकार समाज के हर व्यक्ति के लिए समान और अनिवार्य हैं, और हमें इनका पालन सुनिश्चित करना चाहिए। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम बुजुर्गों के मानवाधिकार संबंधी प्रश्नों के उत्तर न्यायाधीश श्री कुलदीप शर्मा ने दिए। वृद्धाश्रम आवासी श्री के.एल. शर्मा ने माननीय न्यायाधीश को सिटी बस संचालन वृद्धाश्रम की रोड़ से करवाने का निवेदन किया, जिसे उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला जागृति मंच - ह्यूमन राइट्स सेल की अध्यक्ष सुरभि मेनारिया धींग ने अपने उद्बोधन में महिलाओं और बुजुर्गों के अधिकारों के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने समाज में जागरूकता लाने और मानवाधिकारों को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी को आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आवासीय बुजुर्गों को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी मिली। कार्यक्रम में एडवोकेट टीम मीनाक्षी माथुर, राजेश शर्मा, अदिति वैष्णव, भावेश शर्मा तथा रानू भटनागर उपस्थिति थी। इस अवसर पर तारा संस्थान संस्थापक एवं अध्यक्ष कल्पना गोयल व संस्थापक एवं सचिव दीपेश मित्तल ने तारा संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेष बक्षी व राजकुमार मेघवाल का योगदान रहा। अंत में, सभी ने मानवाधिकारों की रक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

## उदयपुर के युवा एंटरप्रेन्योर राइजिंग राजस्थान में दे रहे हैं उदयपुर के मार्बल कलाकृतियों को पहचान



उदयपुर (पुकार)। राजधानी जयपुर में तीन दिवसीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन हो रहा है। 9 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राइजिंग राजस्थान समिट का उद्घाटन किया। इस समिट का उद्देश्य राजस्थान में विदेशी निवेश को आकर्षित करना व राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 5 सालों में दोगुना करना है। राजस्थान सरकार ने हाल ही में एक जिला एक उत्पाद योजना की शुरुआत की जिसमें उदयपुर जिले के लिए मार्बल उत्पाद को चुना गया। उदयपुर के युवा एंटरप्रेन्योर मनीष कोठारी एवं राज चंपावत, परीक्षित सिंह राठौड़ ने उदयपुर के मार्बल पर उत्कीर्ण कलाकृतियों के संवर्धन के उद्देश्य से राइजिंग राजस्थान समिट में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने विदेशी डेलिगेट्स, उद्योगपतियों, विधायकों एवं सीनियर आईएएस अधिकारियों को उदयपुर के मार्बल पर उत्सर्ण कलाकृतियां भेंट की। बता दें कि राइजिंग राजस्थान में 32 देश के डेलिगेट्स हिस्सा ले रहे हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब तक राजस्थान सरकार ने निवेशकों के साथ 30 लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

## राष्ट्रीय कला महोत्सव में औदिच्य ने बनाई पेंटिंग



उदयपुर (पुकार)। उत्तर प्रदेश के दून वैली स्कूल देवबंद में आयोजित राष्ट्रीय कला महोत्सव में देश के पच्चीस से अधिक विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों के बीच उदयपुर के चित्रकार चेतन औदिच्य ने अपनी पेंटिंग द्वारा अनूठी कला की प्रस्तुति दी । इस अवसर पर उन्हें आर्ट ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया ।महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उत्तर प्रदेश के जलदाय राज्य मंत्री कुंवर बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि महोत्सव ने एक लघु भारत का रूप लिया है। देश के कौने कौने से आए कलाकारों के सृजन ने इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बना दिया है। इस तरह का आयोजन पूरे देश में इकलौता है जहां इतनी बड़ी मात्रा में कलाकारों का सम्मिलन हुआ है। सहारनपुर जिलाधीश मनीष बंसल, एडीएमई डा. अर्चना द्विवेदी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रशांत त्रिपाठी तथा प्राचार्य सीमा शर्मा ने बताया कि इस कला आयोजन में उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी अध्यक्ष तथा अयोध्या रामलला मूर्ति के चित्रकार सुनील विश्वकर्मा तथा पेपरमेन के नाम से ख्यात कलाकार विनय शर्मा सहित विभिन्न राज्यो से पहुंचे कलाकारों ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से कैनवास पर अपनी कल्पना के रंगो को उड़ान दी। चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता ने सभी कलाकारों का आभार व्यक्त किया।

## खरबड़िया स्कूल में बच्चों को स्वेटर वितरित किए



उदयपुर (पुकार)। राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर द्वारा मंगलवार को मटून क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय खरबड़िया में स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। संस्थान की सेवा टीम से जुड़े युगल किशोर जोशी ने बताया कि खरबड़िया स्कूल में कक्षा एक से पाचवीं तक सभी बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। संस्थान की टीम जब गिर्वा पंचायत समिति के ग्राम पंचायत मटून स्थित इस स्कूल में पहुंची तब ज्यादातर बच्चे बिना स्वेटर के ही स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे। प्रधानाध्यापक कौशल्या शर्मा और वरिष्ठ अध्यापक हरीश भट्ट ने संस्थान के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि स्वेटर मिलने से शीत लहर में भी बच्चों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि उदयपुर जिले के सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों को शीत लहर से बचाने के लिए संस्थान का सेवा अभियान जारी है। इस सीजन में चार स्कूलों में बच्चों को स्वेटर वितरित किए जा चुके है।

# प्रधानाचार्यो की दो दिवसीय समीक्षा एवं प्रतिपुष्टि कार्यशाला का दूसरा चरण संपन्न



उदयपुर (पुकार)। राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान सीमेट गोनेर जयपुर द्वारा स्कूल लीडरशिप प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके संस्था प्रधानों हेतु दो दिवसीय समीक्षा एवं प्रतिपुष्टि कार्यशाला के दूसरे चरण का आज समापन हो गया।जिसमे विभिन्न जिलों के 54 प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। डाइट उदयपुर के प्रधानाचार्य डीईओ चंद्रशेखर जोशी के अनुसार कार्यशाला में सीमेट गोनेर जयपुर के उपनिदेशक ओमप्रकाश ने अपने सेवाकाल के व्यावहारिक एवं प्रयोगात्मक अनुभवों से प्रधानाचार्यो को लाभान्वित किया। वही सीमेट गोनेर की जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती रचना शर्मा ने विद्यालय के एसडीएमसी प्रबंधन, लीडरशिप के मूलगुणों, नवाचार, सकारात्मक परिवर्तन पर विस्तृत चर्चा कर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जोशी ने विद्यालयो को सेंटर फॉर एक्सीलेंस एवं रिसोर्स सेंटर बनाने के गुर बताए। समीक्षा एवं प्रतिपुष्टि कार्यशाला को सुचारु संचालित करने हेतु सीमेट गोनेर से राज्य संदर्भ समूह के सदस्य श्लोकेश कुमार शर्मा एवं योगेंद्र सिंह नरूका ने प्रशिक्षण शेड्यूल के अनुसार प्रार्थना - सभा सत्र से लगाकर 54 संभागी प्रधानाचार्यो ने छः प्रतिपुष्टियों के केंद्र बिंदु नेतृत्व, आत्म - विकास, शिक्षा अधिगम प्रकिया का रूपांतरण, दल बनाना एवं नेतृत्व करना , साझेदारी का विकास , सामुदायिक सहभागिता, नवाचार पर अपने विद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आये परिवर्तनों, सुधार का सारगर्भित व्याख्या, अनुभव प्रस्तुत किए गए । सभी ने अपनी चुनौतियों को साझा कर। समाधान का मार्ग - प्रशस्त किया। कार्यशाला के आयोजन की व्यवस्थाएं डाइट के डीआरयू प्रभाग के प्रभारी सुरेंद्र सिंह शक्तावत एवं मनीष पटेल द्वारा की गयी। कार्यशाला में प्रभागाध्यक्ष एवं उपप्रधानाचार्य डॉ ओमप्रकाश शर्मा ने डाइट की ओर से अतिथियों का मेवाड़ी पाग, उपराना से स्वागत कर आभार प्रदर्शन किया गया।

## वीरधोलिया के 221 छात्रों को स्वेटर व 21 छात्राओं को मिली साइकिल



उदयपुर (पुकार)। मानव सेवा को समर्पित संस्थान महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान उदयपुर के द्वारा आधारभूत सुविधाओं से वंचित बच्चों को शीत लहर से बचाने हेतु विद्यार्थी हितार्थ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वीरधोलिया में मंगलवार को संस्थान के द्वारा कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों के लिए 251 स्वेटर वितरित किए गए और इसके साथ निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9 में अध्यनरत 21 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई । स्वेटर और साइकिल वितरण कार्यक्रम में प्रधानाचार्य संतोष कुमार व्यास,सुरेंद्र पालीवाल, सुभाष चंद्र सुथार, मंगल सिंह गुर्जर,राकेश कुमार व बाबूलाल गुर्जर के साथ विद्यालय परिवार और विद्यार्थी उपस्थित रहे। स्वेटर वितरण इस पुनीत कार्य के लिए पूरे विद्यालय परिवार ने संस्थान को धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.